संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

# दैनिक घटती घटना

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 19,अंक -185 सोमवार ,08 मई 2023,पृष्ठ - 8+4 मूल्य 2 रूपये

# 21 मई तक बृजभूषण सिंह को करें गिरफ्तार



## खाप पंचायतों का भारत सरकार को 15 दिन काअल्टीमेटम,बीजेपी सांसद बृजभूषण शरण सिंह को 21 मई तक गिरफ्तार किया जाए,नहीं तो बड़ा आंदोलन होगा शुरू

**नई दिल्ली,07 मई,2023(ए)।** पहलवानों के गंभीर आरोपों का सामना कर रहे भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के सांसद बृजभूषण शरण सिंह की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं। दिल्ली के जंतर-मंतर पर भारतीय कुश्ती संघ के प्रमुख और यूपी के कैसरगंज सीट से बीजेपी सांसद बृज भूषण शरण सिंह के खिलाफ 15वें दिन भी पहलवानों का धरना जारी है।

उनके इस प्रदर्शन को खाप पंचायतों ने भी समर्थन दे दिया है। इसी कड़ी में किसान नेता राकेश टिकैत रविवार को जंतर-मंतर पर पहुंचे और वहां उन्होंने धरना दे रहे पहलवानों को समर्थन दिया।

पहलवानों, किसानों और खाप पंचायतों की एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में पहलवानों, किसानों और खाप पंचायतों ने भारत सरकार को 15 दिन का अल्टीमेटम दिया है। कहा है कि बीजेपी सांसद बृजभूषण शरण सिंह को 21 मई तक गिरफ्तार किया जाए, नहीं तो बड़ा आंदोलन शुरू होगा।

किसान नेता राकेश टिकैत ने कहा कि अगर 21 मई तक सरकार बातचीत नहीं करती है या समाधान नहीं निकालती है, तो 21 मई के बाद आगे की रणनीति बनाई जाएगी।

उन्होंने कहा कि 21 मई तक हर खाप से लोग धरना स्थल पर आएंगे। आंदोलन चलाने के लिए पहलवान समितियां, खाप-किसान संगठन समर्थन देंगे। यह आंदोलन लंबा चलेगा।

बता दें कि बजरंग पूनिया, विनेश फोगाट, साक्षी मलिक समेत कई शीर्ष पहलवान 23 अप्रैल से दिल्ली के जंतर-मंतर पर बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। दिल्ली पुलिस ने एक नाबालिग सहित सात महिला पहलवानों द्वारा दर्ज कराई गई शिकायतों के आधार पर सिंह के खिलाफ दो प्राथमिकियां दर्ज की हैं।

### आरोप साबित होने पर खुद ही फांसी लगा लूंगा

दिल्ली के जंतर-मंतर पर पहलवानों का धरना 15वें दिन भी जारी है। पहलवानों के समर्थन में किसान नेता राकेश टिकैत भी आज पहलवानों से मिलने जंतर मंतर पहुंचे। किसानों के शक्ति प्रदर्शन के सवाल पर उन्होंने कहा कि यहां हम बातचीत करने आएं हैं, धरना जारी रहेगा। जबकि बृजभूषण का कहना है कि आरोप साबित होने पर खुद ही फांसी लगा लेंगे।

पहलवानों के प्रदर्शन के बीच भारतीय कुश्ती महासंघ के प्रमुख और बीजेपी सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने फिर कहा कि अगर उन पर यौन शोषण का एक भी आरोप साबित हो गया तो वह खुद ही फांसी लगा लेंगे। उन्होंने जारी एक वीडियो बयान में कहा कि वह इन मुद्दों पर खुले तौर पर चर्चा नहीं कर सकते क्योंकि मामले की जांच दिल्ली पुलिस की ओर से की जा रही है। साथ ही उन्होंने पीड़ित पहलवानों को उन पर लगाए आरोपों की पुष्टि करने वाले सबूत पेश करने की भी चुनौती दी।

दूसरी ओर, किसान नेता राकेश टिकैत ने बृजभूषण सिंह की गिरफ्तारी की मांग तेज कर दी है। उन्होंने कहा कि प्रमुख के खिलाफ केस दर्ज होने के बाद अब उनकी गिरफ्तारी भी होनी चाहिए।

## पुलवामा में बड़ी आतंकी साजिश नाकाम



**जम्मू,07 मई,2023 (ए)।** जम्मू कश्मीर के पुलवामा में आतंकियों के साथ मुठभेड़ के बीच सुरक्षाबलों ने एक बड़ी आतंकी साजिश को नाकाम कर दिया है। जम्मू कश्मीर पुलिस ने यहां 5-6 किलोग्राम आईईडी बरामद किए हैं। पुलिस ने इसके साथ एक आतंकी को भी गिरफ्तार किया। इशफाक अहमद वानी नाम का आतंकी पुलवामा के अरिगम का बताया जा रहा है। पुलिस ने इस मामले में एक एफआईआर दर्ज की और मामले की जांच शुरू की है। कश्मीर जोन पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी।

आईईडी की बरामदगी राजौरी के कंडी वन क्षेत्र में एक आतंकी हमले में पांच सैनिकों के शहीद होने के दो दिन बाद की गई थी। सुरक्षा बलों नेसुबह छिपे हुए आतंकवादियों से संपर्क स्थापित किया और आगामी गोलाबारी में एक अल्ट्रा को मार गिराया गया।

# आतिशी ने शराब घोटाले पर किया बड़ा दावा

» **दिल्ली में नहीं हुआ कोई शराब घोटाला**



**नई दिल्ली,07 मई,2023 (ए)।** आप नेता व कैबिनेट मंत्री आतिशी ने शराब घोटाले को लेकर आज रविवार को दावा किया है कि दिल्ली में कोई शराब घोटाला ही नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि छह महीने से ईडी और सीबीआइ शराब घोटाले की जांच कर रही है। पहला आरोप है कि शराब कारोबारियों से 100 करोड़ लिए गए, उसे आम आदमी पार्टी ने गोवा में खर्च किए।

इस मामले में आरोपी राजेश जोशी और गौतम मल्होत्रा को राउज एवेन्यू कोर्ट ने शनिवार को जमानत दे दी है और 85 पेज का आर्डर दिया है, इस आर्डर से साफ हो रहा है कि इस मामले में एक भी पैसे का घोटाला नहीं हुआ है।

ईडी के पास नहीं कोई सबूत

ईडी ने पहले 100 करोड़ का आरोप लगाया था, इसके बाद ईडी 30 करोड़ पर आ गई है। आरोप में कहा गया कि राजेश जोशी ने यह पैसा गोवा में पहुंचाया। दूसरा आरोप है कि 100 करोड़ रुपये गोवा चुनाव में खर्च किया गया है। ईडी ने पूरी जांच कर ली है। मगर पूरी जांच में उन्हें पता चला है कि गोवा चुनाव में केवल 19 लाख रुपये खर्च हुए हैं। इसके बाद अब भाजपा को माफी मांगनी चाहिए, भाजपा एक साल से 100 करोड़ का आरोप लगा रही है। उन्होंने कहा कि यह साल से पहले भाजपा ने 100 करोड़ का आरोप लगाया इसके बाद ईडी ने भी यही आरोप लगाया है।

ईडी की कार्रवाई के बारे में इस तरह भी पता चलता है कि मनीष सिसोदिया ने 14 फोन तोड़ दिए, मगर इस बारे में भी पता चलता है कि इसमें से सात फोन ईडी और सीबीआइ के पास ही हैं। कोर्ट की टिप्पणी के बाद साफ है कि कोई घोटाला नहीं हुआ है।

केजरीवाल से भी हुई थी पूछताछ

उल्लेखनीय है कि आबकारी नीति मामले में मनीष सिसोदिया समेत कई हाई-प्रोफाइल लोग जेल में हैं। साथ ही जांच एजेंसी ने बीते महीने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को भी पूछताछ के लिए बुलाया था, जहां उनसे करीब 9 घंटे लंबी पूछताछ की गई थी।

# राहुल ने कहा-भ्रष्टाचार के विरोध पर ही अयोग्य हुआ हूँ



## भाजपा ने कर्नाटक में भ्रष्टाचार को किस तरह बढ़ावा दिया ये यहां के 6 साल के बच्चे को भी पता होगा

**बैंगलोर,07 मई, 2023 (ए)।** कर्नाटक के अनेकल चुनावी सभा में राहुल गांधी ने भ्रष्टाचार को मुद्दे पर भाजपा को घेरा। इसके अलावा उन्होंने कहा कि उनके संसद से अयोग्य ठहराए जाने की वजह भ्रष्टाचार का विरोध है। मंच से राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा के एक विधायक का कहना है की सीएम की कुर्सी भी खरीदी जा सकती है। कांग्रेस दिग्गज ने कहा कि भाजपा ने कर्नाटक में भ्रष्टाचार को किस तरह बढ़ावा दिया ये यहां के 6 साल के बच्चे को भी पता होगा।

कर्नाटक विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस और भाजपा नेता एक दूसरे पर तीखे हमले कर रहे हैं। रविवार को अनेकल में जनसभा को संबोधत करते हुए राहुल गांधी ने कहा, घोटाले हर जगह हैं, जहां आप देखते हैं। विधायक का बेटा 8 करोड़ के साथ पकड़ा गया और बीजेपी विधायक का कहना है कि 2500 करोड़ रुपये में सीएम की कुर्सी खरीदी जा सकती है।

राहुल गांधी ने भ्रष्टाचार के मुद्दे पर भाजपा को निशाने पर लेते हुए कहा, ÷कर्नाटक में जो भ्रष्टाचार हुआ, वह 6 साल के बच्चे को पता है। यहां पिछले 3 साल से बीजेपी की सरकार है और पीएम मोदी को कर्नाटक में भ्रष्टाचार के बारे में भी पता होगा। आपने कहा था कि डबल इंजन चोरी हो गया, तो मोदी जी बताइए किस इंजन को 40त्न में से कितना मिला?

जनसभा के अलावा अनेकल में राहुल गांधी ने आमजन से भी जुड़ने का प्रयास किया। इसी क्रम में उन्होंने एक डिलीवरी बॉय की स्कूटी पर बैठकर सफर किया।

राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, ÷हम इसलिए चले क्योंकि हम भारत और कर्नाटक को जोड़ना चाहते थे, नफरत को खत्म करना चाहते थे।÷ वहीं मणिपुर हिंसा का भी किया जिक्र करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि वहां आग लगी है, हिंसा हो रही, लोग मारे जा रहे हैं। जबकि देश के प्रधानमंत्री और गृहमंत्री को इन सबसे कोई लेना देना ही नहीं। राहुल गांधी ने कहा कि मणिपुर की स्थिति नफरत की राजनीति की वजह से बनी है। जिसे खत्म करने के लिए कांग्रेस ने भारत जोड़ो यात्रा शुरू की थी। राहुल गांधी ने कहा कांग्रेस के रोड शो में पार्टी के नेता खड़े दिखते हैं, जबकि जबकि मोदी जी के रोड शो में बोम्मई जी, येदियुरप्पा जी गाड़ी से बाहर किया जाता और पीएम गाड़ी में बैठ कर चलते हैं।

## आप सरकार में मंत्री के अनैतिक मामले की सीबीआई जांच कारवाई जाए



**चंडीगढ़ , 07 मई, 2023 (ए)।** भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ ने आज कहा कि आप सरकार में कैबिनेट मंत्री की कथित अनैतिकता वाली वीडियो पंजाब की संस्कृति पर एक गहरा एवं घिनौना धब्बा है। चुग ने उनके खिलाफ लगे कथित आरोपों की सीबीआई जांच की मांग करते हुए कहा कि पंजाब के राज्यपाल को इस मामले को एक निष्पक्ष जांच एजेंसी (सीबीआई) को भेजना चाहिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व में पंजाब पुलिस मामले में न्याय नहीं कर सकती है।क्या पुलिस का इंस्पेक्टर अपने प्रदेश के मंत्री के खिलाफ निष्पक्ष जांच कर सकता है चुग ने पूछा कि क्या यह अनैतिक कार्य आम आदमी पार्टी का बदलाव है जिस बदलाव की बात करके आम आदमी पार्टी सत्ता में आई थी। दरअसल भ्रष्टाचार, शीशमहल कल्चर और नौसिखियापन, आम आदमी पार्टी की पंजाब सरकार के प्रमुख गुण हैं।

चुघ ने मांग की कि मंत्री के खिलाफ कथित आरोपों पर जांच पूर्ण होने तक उन्हें मंत्रिमंडल से तुरंत निलंबित किया जाना चाहिए।राज्यपाल को सौंपे गए मंत्री के अश्लील वीडियो की गहन जांच की जरूरत है क्योंकि पीड़ित लड़का खुद को डरा हुआ महसूस कर रहा है.और उसने राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग से सुरक्षा एवं न्याय की गुहार लगायी है और इस विषय पर आयोग ने भी नोटिस जारी किया है। यह मामला काफी गंभीर एवं मंत्री के अनैतिक कृत्य के आरोप का है , कुछ अधिकारी व नेता मंत्री को बचाने के लिए नए नए षडयंत्र बुन रहे हैं, इस मामले में लड़के की जान तथा आरोपों को भी मिटाए जाने का खतरा है इसलिए तुरंत पीड़ित को उचित सुरक्षा व न्याय हेतु सीबीआई जांच करवाई जानी चाहिए।

## कर्नाटक चुनाव से पहले आयकर विभाग ने जब्त किया 15 करोड़ की नकदी और 10 किलो सोना



**बैंगलोर,07 मई, 2023 (ए)।** कर्नाटक में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए 10 मई को मतदान है । चुनाव नजदीक आते ही आम जनता को लुभाने के लिए धन का लालच देकर कीमती वोटों को खरीदने की कोशिश की जाती है ऐसे लोगों पर चुनाव आयोग और आयर कर विभाग की नजर है। कर्नाटक विधानसभा चुनाव से पहले आयकर विभाग की बड़ी कार्रवाई की है। राज्य में विभिन्न स्थानों पर छापे के दौरान आयकर विभाग ने 15.3 करोड़ रुपये की नकदी और 7.08 करोड़ रुपये का 10.14 किलोग्राम सोना जब्त किया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) के कार्यालय ने यह जानकारी दी।

सीईओ के कार्यालय द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, शिवाजीनगर से 4.77 करोड़ रुपये, राजराजेश्वरी नगर से 3.44 करोड़ रुपये, मल्लेश्वरम से 3.35 करोड़ रुपये, पुलकेशीनगर से 2.3 करोड़ रुपये, शांति नगर से 63 लाख रुपये और गांधी नगर से 55 लाख रुपये जब्त किए गए। बयान के मुताबिक, आयकर विभाग के अधिकारियों ने हेब्बल, शांति नगर और गांधी नगर निर्वाचन क्षेत्रों से पांच करोड़ रुपये मूल्य का 6.59 किलोग्राम सोना जब्त किया। इसके अलावा, रायचूर से 2.08 करोड़ रुपये का 3.55 किलोग्राम सोना और 30 लाख नकदी जब्त की गई। सूत्रों ने बताया कि कर्नाटक विस चुनाव में उम्मीदवारों के लिए धन जुटाने वाले लोगों के खिलाफ यह कार्रवाई की गई।

## अगले साल गणतंत्र दिवस परेड में केवल महिलाएं होंगी शामिल



**नई दिल्ली,07 मई,2023(ए)।** विभिन्न सेक्टरों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए सरकार ने तय किया है कि कर्तव्य पथ पर होने वाले गणतंत्र दिवस परेड में मार्च पास्ट, झाकियां और परफॉर्मेंस में सिर्फ महिलाएं शामिल होंगी। रक्षा मंत्रालय ने इस संबंध में सैन्य बलों तथा परेड में शामिल होने वाले अन्य सरकारी विभागों को पत्र लिखा है। इसमें कहा गया है कि मार्च पास्ट करने वाले दस्ते और उनके साथ जुड़े बैंड तथा झांकियों में सिर्फ महिला प्रतिभागी होंगी।

इस पत्र ने कई वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों को आश्चर्य में डाल दिया है और भ्रम की स्थिति पैदा की है। कई लोगों का मानना है कि इसके लिए सेना में पर्याप्त महिलाएं उपलब्ध नहीं हैं। वर्तमान स्थिति यह है कि मार्च करने वाली कुछ टुकड़ियों में केवल पुरुष होते हैं।

# तेजी से आ रहा साइक्लोन मोचा

» **आईएमडी का अलर्ट- सुरक्षित स्थानों पर चले जाएं लोग**

**भुवनेश्वर,07 मई, 2023 (ए)।** भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने कहा कि चक्रवात मोचा के इस सप्ताह पश्चिम बंगाल और ओडिशा में दस्तक देने की उम्मीद है। एक चक्रवाती परिसंचरण की स्थिति निचले और मध्य क्षोभमंडल स्तरों में बंगाल की खाड़ी और दक्षिण-पूर्व में बन रही है। इसके प्रभाव से आठ मई तक उसी क्षेत्र में कम दबाव का क्षेत्र बनने का अनुमान है। चक्रवात का नाम 'मोचा' (मोखा) रखा जायेगा, जो यमन द्वारा सुझाया गया नाम है।




आईएमडी के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्रा ने कहा कि नौ मई के आसपास बंगाल की खाड़ी के दक्षिण-पूर्व में कम दबाव का क्षेत्र बनने और इसके चक्रवाती तूफान में बदलने की आशंका है। आईएमडी के वैज्ञानिकों ने कहा कि मौसम प्रणाली एक चक्रवाती तूफान में तेज हो जाएगी और मंगलवार या बुधवार तक लगभग उत्तर की ओर मध्य बंगाल की खाड़ी की ओर बढ़ जाएगी।

मौसम कार्यालय ने मछुआरों को बंगाल की खाड़ी के दक्षिण-पूर्व में रविवार से 40-50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने की चेतावनी दी है। मौसम कार्यालय ने कहा कि जो लोग बंगाल की खाड़ी के दक्षिण-पूर्व में हैं, उन्हें सात मई से पहले और जो लोग बंगाल की मध्य खाड़ी में हैं, उन्हें नौ मई से पहले सुरक्षित स्थानों पर लौटने की सलाह दी जाती है।

ओडिशा के विशेष राहत आयुक्त सत्यव्रत साहू ने कहा कि मौसम की स्थिति को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार ने पहले ही 18 तटीय और आसपास के जिलों के जिलाधिकारियों और 11 विभागों के अधिकारियों को सतर्क कर दिया है। महापात्रा ने कहा कि मौसम प्रणाली के आठ मई को कम दबाव के क्षेत्र में केंद्रित होने और नौ मई को एक चक्रवात में बदलने की आशंका है।

उन्होंने कहा कि चक्रवात के बंगाल की मध्य खाड़ी की ओर बढ़ने का अनुमान है। उन्होंने ने बताया कि ग्रीष्मकालीन चक्रवातों के मार्ग का अनुमान लगाना बहुत कठिन है। ओडिशा तट पर इसके संभावित प्रभाव के बारे में पूछे जाने पर महापात्रा ने कहा कि इसके लिए या पूर्वी तट पर किसी अन्य स्थान के लिए कोई अलर्ट जारी नहीं किया गया है।

उन्होंने कहा कि चक्रवात के बारे में जानकारी का उद्देश्य मछुआरों और नौ-परिवहन से जुड़े लोगों को सतर्क करना है। उन्होंने कहा कि लोगों को घबराने की कोई जरूरत नहीं है। महापात्रा ने कहा कि अप्रैल, मई और जून के महीने ग्रीष्मकालीन चक्रवात के लिए माने जाते है, जबकि सितंबर, अक्टूबर और नवंबर मानसून चक्रवात महीने हैं।




# मुख्यमंत्री योगी कल करेंगे चुनावी जनसभा

» **जीआईसी ग्राउंड में भाजपा उम्मीदवारों के लिए मांगेंगे वोट**

**बांदा ,07 मई, 2023 (ए)।** जनपद की दो नगर पालिका और आधा दर्जन नगर पंचायतों के चुनाव की सरगर्मियों के बीच अब स्टार प्रचारकों की आमद शुरू हो गई है। सत्ताधारी भाजपा के प्रत्याशियों के समर्थन में जहां प्रदेश के केबिनेट मंत्री नंदगोपाल नंदी ने बबेरू, अतर्रा व ओरन में जनसभा की हैं, वहीं आगामी 9 मई को भाजपा के स्टार प्रचारक और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी बांदा पहुंच रहे हैं। वह शहर के जीआईसी मैदान में जनसभा के माध्यम से जिले के सभी नगर निकायों के भाजपा प्रत्याशियों को जिताने की अपील करेंगे। प्रभारी अधिकारी प्रोटोकॉल ने कार्यक्रम जारी करके बताया है कि सीएम योगी आदित्यनाथ का हेलीकॉप्टर 1 बजकर 15 मिनट पर पं.जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय में बनाये जा रहे हेलीपैड में उतरेगा। यहां से उनका काफिला राजकीय इंटर कॉलेज जनसभा स्थल पहुंचेगा जहां भाजपा के उम्मीदवारों के समर्थन जनता जनार्दन को संबोधित करेंगे। अपराह्न 2 बजे वह राजकीय हेलीकॉप्टर से चित्रकूट के लिये प्रस्थान करेंगे। तकरीबन आधा घंटे की जनसभा में वे जनता जनार्दन से बांदा व अतर्रा नगर पालिका परिषद समेत नगर पंचायत मटौध, तिन्दवारी, बिसण्डा, बबेरू, नरैनी, व नगर पंचायत ओरन के भाजपा चेयरमैन पद प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान की अपील करेंगे।

# मणिपुर के कई जिलों में अभी भी तनाव

» **चुराचांदपुर में कर्फ्यू में तीन घंटे की ढील दी गई**



**इंफाल ,07 मई, 2023 (ए)।** मणिपुर के कई जिलों में तनाव व्याप्त है और सेना तथा केंद्रीय अर्ध-सैन्य बल संघर्षग्रस्त क्षेत्रों में निगरानी रखे हुए हैं। सबसे अशांत चुराचांदपुर जिले में प्रशासन ने रविवार सुबह तीन घंटे के लिए कर्फ्यू में ढील दी गई। चुराचांदपुर के जिलाधिकारी शरथ चंद्र अरोजू ने एक अधिसूचना में कहा कि आगे ढील देने के बारे में समीक्षा की जाएगी और मौजूदा कानून-व्यवस्था की स्थिति के आकलन के आधार पर अधिसूचित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने एक ट्वीट में कहा, चुराचांदपुर जिले में कानून व्यवस्था की स्थिति में सुधार और राज्य सरकार तथा विभिन्न हितधारकों के बीच बातचीत के बाद, मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि कर्फ्यू में आंशिक रूप से ढील दी गई।

# लखनऊ,वाराणसी सहित कई बड़े शहरों में एटीएस की ताबड़तोड़ छापेमारी

### हिरासत में लिए गए पीएफआई से जुड़े लोग

**लखनऊ ,07 मई, 2023 (ए)।** उत्तर प्रदेश एंटी टेरर स्क्वॉयड ने एक साथ कई शहरों में रविवार सुबह छापेमारी कर हड़कंप मचा दिया। राजधानी लखनऊ समेत मेरठ, मुरादाबाद, वाराणसी, आजमगढ़ में एटीएस ने एक साथ सर्च ऑपरेशन चलाकर बड़ी कार्रवाई की है। टीम ने मेरठ में थाना लिसाड़ी गेट और मवाना में छापा मारा। छापमारी के दौरान पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) से जुड़े कुछ सदस्यों और अन्य संदिग्ध लोगों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। जानकारी के मुताबिक सीएए हिंसा से लेकर अन्य राष्ट्रविरोधी गतिविधियों में शामिल लोगों के नेटवर्क की तलाश करने के लिए इस कार्रवाई को अंजाम दिया गया।



## संपादकीय

### सीमित लोगों के लिए

सुप्रीम कोर्ट के बचाव में यह बात कही जा सकती है कि कानून बनाना उसके दायरे से बाहर है। सभी लोगों के लिए ऐसी व्यवस्था हो और परिवार अदालतें भी सुप्रीम कोर्ट की भावना से संचालित हों, उसके लिए विधायी व्यवस्था संसद को करनी होगी।

कोई समाज कितना सभ्य है, इसे मापने का एक पैमाना यह माना जाता है कि वहां मतभेद या विवादों को किस तरह से हल किया जाता है। सभ्य समाजों में संवाद और सहमति से समाधान ढूंढने की प्रवृत्ति अपेक्षाकृत अधिक रहती है। जबकि सभ्यता की कसौटी पर पिछड़े समाजों हर मसला झगड़े और हिंसा में बदल जाता है। यह बात दो व्यक्तियों के रिश्तों पर भी लागू होती है। मसलन, पति और पत्नी में अगर ना बनती हो, तो वे समाधान किस तरह निकालते हैं, यह काफी कुछ सामाजिक संस्कृति और परिपाटी से निर्धारित होता है। दुर्भाग्य से इस कसौटी पर भारतीय समाज की तस्वीर फिलहाल बहुत उत्साहवर्धक नहीं है। इस पृष्ठभूमि में सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ का यह निर्णय स्वागतयोग्य और प्रशंसनीय है कि वह उन मामलों में तलाक के पक्ष में निर्णय देने के लिए संविधान से मिले अपने विशेष अधिकार का उपयोग करेगा, जिनमें सुलह कोई गुंजाइश ना बची हो। लेकिन इस निर्णय की सीमा यह है कि इसका लाभ सिर्फ उन लोगों को मिल पाएगा, जो सुप्रीम कोर्ट तक जाने की क्षमता रखते हों।

स्पष्ट है कि ऐसी क्षमता वाले लोगों की संख्या इस देश में बेहद सीमित है। इसलिए सुप्रीम कोर्ट की इस नई व्यवस्था का लाभ बहुत कम लोग उठा पाएंगे। इस बिंदु पर सुप्रीम कोर्ट के बचाव में यह बात कही जा सकती है कि कानून बनाना उसके दायरे से बाहर की बात है। सभी लोगों के लिए ऐसी व्यवस्था हो और परिवार अदालतें भी सुप्रीम कोर्ट की भावना से संचालित हों, उसके लिए विधायी व्यवस्था संसद को करनी होगी। लेकिन हकीकत यह है कि भारतीय संसद से फिलहाल ऐसी अपेक्षा जोड़ना निराधार है। असल में अगर संसद ने समाज के नए तकाजों को समझने की क्षमता दिखाई होती, तो सुप्रीम कोर्ट को संविधान के अनुच्छेद 142 का इस्तेमाल तलाक जैसे साधारण मामले में नहीं करना पड़ता। मगर दुर्भाग्यपूर्ण यही है कि तलाक जैसा साधारण मामला हमारे समाज एक अति विशिष्ट है, जिसकी प्रक्रिया दुरूह, ऊबाऊ और कष्टदायक है। बहरहाल, यह अवश्य कहा जाएगा कि इस प्रक्रिया को आसान बनाने की एक राह सुप्रीम कोर्ट ने दिखाई है।

# आपदा के समय भरोसेमंद दोस्त है रेडक्रॉस

रेडक्रॉस की स्थापना महान् मानवता प्रेमी जीन हेनरी डयूनेंट द्वारा की गई थी, इसीलिए उनके जन्मदिन के अवसर पर प्रतिवर्ष विश्वभर में 8 मई का दिन 'अंतर्राष्ट्रीय रेडक्रॉस दिवस' के रूप में मनाया जाता है और संस्था की गतिविधियों से आम आदमी को अवगत कराने के प्रयास किए जाते हैं। रेडक्रॉस की स्थापना वर्ष 1863 में हुई थी और अंतर्राष्ट्रीय रेडक्रॉस सोसायटी दुनिया के सभी देशों में रेडक्रॉस आन्दोलन का प्रसार करने के साथ-साथ रेडक्रॉस के आधारभूत सिद्धांतों के संरक्षक के रूप में भी कार्य कर रही है। 8 मई 1828 को जन्मे डयूनेंट 1859 में हुई सालफिरोनो (इटली) की लड़ाई में घायल सैनिकों की दुर्दशा देख बहुत आहत हुए थे क्योंकि युद्धभूमि में पड़े इन घायल सैनिकों के उपचार के लिए कोई चिकित्सा व्यवस्था उपलब्ध नहीं थी। युद्ध मैदान में घायल पड़े इन्हीं सैनिकों के दर्दनाक हालातों पर अपने कड़वे अनुभवों के आधार पर उन्होंने 'मेमोरी और सालफिरोनो' नामक एक पुस्तक भी लिखी और 1863 में रेडक्रॉस की अंतर्राष्ट्रीय समिति 'आईसीआरआई' का गठन किया। डयूनेंट के सतत प्रयासों की बदौलत ही 1864 में जेनेवा समझौते के तहत 'अंतर्राष्ट्रीय रेडक्रॉस मूवमेंट' की स्थापना हुई। डयूनेंट ने इटली में युद्ध के दौरान रक्तपात का ऐसा भयानक मंजर देखा था, जब चिकित्सकीय सहायता के अभाव में युद्धक्षेत्र में अनेक घायल सैनिक हृदयविदारक कष्टों से तड़प रहे थे। ऐसे घायलों की सहायता के लिए उन्होंने स्थायी समितियों के निर्माण की आवश्यकता को लेकर आवाज बुलंद की, जिसका असर भी दिखा। युद्ध में आहतों की स्थिति के सुधार के साधनों का अध्ययन करने के लिए उसके बाद एक आयोग का गठन किया गया। 1863 में जेनेवा में एक अंतर्राष्ट्रीय बैठक में रेडक्रॉस के आधारभूत सिद्धांत निर्धारित किए गए तथा रेडक्रॉस आन्दोलन का विकास करते हुए आहत सैनिकों और युद्ध पीड़ितों की सहायता संगठित करने हेतु दुनियाभर के सभी देशों में राष्ट्रीय समितियां बनाने पर जोर दिया गया। नेपोलियन तृतीय के हस्तक्षेप के चलते अंतर्राष्ट्रीय समिति 'स्विस फेडरल काउंसिल' को 8 अगस्त 1864 को जेनेवा में सम्मेलन बुलाने के लिए राजी करने में सफल हुई, जिसमें 26 देशों के प्रतिनिधि शामिल हुए। इस सम्मेलन के चलते जेनेवा अधिवेशन हुआ, जिसमें सुरक्षा के प्रतीक रेडक्रॉस वाले सफेद झंडे पर स्वीकृति की मोहर लगाई गई, जो आज समस्त विश्व में रेडक्रॉस का प्रतीक चिन्ह बना हुआ है। शुरूआती दौर में रेडक्रॉस की भूमिका युद्ध के दौरान बीमार और घायल सैनिकों, युद्ध करने वालों और युद्धबंदियों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाना तथा उन्हें उचित उपचार सुविधाएं उपलब्ध कराने तक ही सीमित थी किन्तु अब इस संस्था के दायित्वों का दायरा लगातार विस्तृत होता जा रहा है।




मानवीय सेवा को समर्पित रेडक्रॉस ने प्रथम तथा द्वितीय विश्वयुद्ध में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए अनेक घायल सैनिकों तथा नागरिकों की सहायता कर अनुकरणीय उदाहरण पेश किया था। दुनिया के किसी भी भाग में जब भूकम्प, बाढ़, भू-स्खलन या अन्य किसी भी प्रकार की प्राकृतिक अथवा मानवीय आपदा सामने आती है तो सबसे पहले 'अंतर्राष्ट्रीय रेडक्रॉस सोसायटी' की टीमें वहां पहुंचकर राहत कार्यों में जुट जाती हैं। शांति और सौहार्द के प्रतीक के रूप में जानी जाने वाली इस संस्था ने अपने कर्मठ, समर्पित और कर्त्तव्यनिष्ठ स्वयंसेवकों के माध्यम से न केवल भारत में बल्कि दुनियाभर में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। फिलहाल 190 से भी अधिक देशों में 'रेडक्रॉस' संस्था सक्रिय है। भारत में 'भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी अधिनियम' के तहत वर्ष 1920 में रेडक्रॉस सोसायटी का गठन हुआ था और स्थापना के नौ वर्ष बाद इसकी सराहनीय गतिविधियों को देखते हुए अंतर्राष्ट्रीय रेडक्रॉस सोसायटी ने 'भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी' को मान्यता प्रदान की।

भारत में रेडक्रॉस की स्थापना के शुरूआती वर्षों में देश में रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष भारत के उपराष्ट्रपति होते थे किन्तु वर्ष 1994 में रेडक्रॉस एक्ट में संशोधन करते हुए सोसायटी का पदेन अध्यक्ष महामहिम राष्ट्रपति को तथा सचिव केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री को बनाया गया। वर्तमान समय में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी की देशभर में 750 से अधिक शाखाएं मानवता की सेवा में जी-जान से जुटी हैं। रेडक्रॉस एक ऐसी स्वयंसेवी संस्था है, जो देश के किसी भी हिस्से में प्राकृतिक अथवा मानवीय आपदा के शिकार लोगों को बचाने व राहत पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है और इसमें शामिल होने वाले कर्मठ स्वयंसेवकों की संख्या निरन्तर बढ़ रही है। विश्वभर में रेडक्रॉस के करीब एक करोड़ सत्तर लाख स्वयं सेवक हैं। यही कारण है कि रेडक्रॉस दिवस को 'अंतर्राष्ट्रीय स्वयंसेवक दिवस' भी कहा जाता है।

रेडक्रॉस लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित करती है और अपनी विभिन्न शाखाओं के जरिये देशभर में जगह-जगह रक्तदान शिविर लगाकर प्रतिवर्ष बहुत बड़ी मात्रा में रक्त एकत्रित करती है। देश में रक्त एकत्रित करने तथा वही रक्त जरूरतमंद लोगों के लिए सही समय पर उपलब्ध कराने का कार्य यह संस्था कई दशकों से लगातार कर रही है। वास्तव में रक्त इकट्ठा करने वाली यह विश्व की एकमात्र सबसे बड़ी संस्था है, जिससे कैंसर, थैलेसीमिया, एनीमिया जैसी प्राणघातक बीमारियों से जूझ रहे हजारों लोगों की भी जान बचाई जाती हैं। रेडक्रॉस की पहल पर दुनिया का पहला ब्लड बैंक अमेरिका में 1937 में स्थापित हुआ था और वर्तमान में दुनियाभर के अधिकांश ब्लड बैंकों की देखरेख रेडक्रॉस तथा उसकी सहयोगी संस्थाओं द्वारा ही की जाती है। रेडक्रॉस देश के किसी भी भाग में मानवीय या प्राकृतिक आपदा के शिकार लोगों को बचाने तथा उन्हें राहत पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती रही है। रेडक्रॉस का मुख्य उद्देश्य जीवन तथा स्वास्थ्य की सुरक्षा करना एवं मानव मात्र का सम्मान सुनिश्चित करना है।



**योगेश कुमार गोयल**
नजफगढ़, नई दिल्ली

### भोले से मन जोड़ा

जिसके मन में राग नहीं है
वह कैसा बैरागी है,
अर्थ,मोह में भटक रहा,
क्या भोले से नाराजी है।
जिसके मन में .....
भक्ति-भाव में डूब के जिसने,
भोले से मन जोड़ा है,
उसने ही तो अहं की गगरी,
को कंकर से फोड़ा है।
जिसके मन में ....
मन में पाप भरा है जिसके,
वह जीवन तो थोड़ा है,
राग-द्वेष में जो डूबा है,
भोले ने उसे छोड़ा है।
जिसके मन में ....
प्रेम की घटिया घर-घर घूमे,
भोले से मन जोड़ा है,
सरपट दौड़े जीवन-गाडी,
नहीं कहीं कोई रोड़ा है।
जिसके मन में ....
चाह की डोर को छोटा कर लें,
तो सब जीवन काम बने,
घर भोले का छोटा कोना,
जो भोले का नाम बने।
जिसके मन में ....



**कार्तिकेय कुमार त्रिपाठी राम**
गांधीनगर,इन्दौर
मध्यप्रदेश

# आधुनिक सामाजिक संरचना के संवाहक साहू जी महाराज

भारत की आधुनिक सभ्यता और संस्कृति को गतिशील बननें में और उसको बहुजनों के हित में क्रियान्वयन करनें में जिन पुरोधाओं नें अपनी भूमिका का निर्वहन किया है ,उनमें से एक प्रमुख नाम शाहू जी महाराज का आता है । ऐसे में यह आवश्यक हो जाता है कि उनके योगदानों और कार्यों की समष्टि और व्यष्टि समायोजना रेखांकित किया जाए जिससे अनिवार्य रूप से आधुनिक पीढ़ी को अवगत कराया जा सके । छत्रपति शाहू महाराज को एक भारत में सच्चे लोकतान्त्रिक नेता थे जिनका मानना था कि लोकतंत्र लोकमन और लोकमंच का विषय है जिसमें आधे से अधिक आवादी के विकास और सहभागिता किए बिना सुदृढ़ नहीं बनाया जा सकता है । उन्होनें विभिन्न क्षेत्रों में कई सुधार भी किए इसलिए उन्हे आधुनिक साम आज सुधारक के नाम से भी जाना जाता। वह केवल कोल्हापुर के इतिहास में नहीं अपितु पूरे वर्ष में एक अमूल्य मणि के रूप में आज भी प्रसिद्ध हैं। छत्रपति साहू महाराज ऐसे व्यक्ति थे, जिन्होंने राजा होते हुए भी दलित और शोषित वर्ग के कष्ट को समझा और सदा उनसे निकटता बनाए रखी। उन्होंने दलित वर्ग के बच्चों को मुफ़्त शिक्षा प्रदान करने की प्रक्रिया शुरू की थी। गरीब छात्रों के छात्रावास स्थापित किये और बाहरी छात्रों को शरण प्रदान करने के आदेश दिए। शाहू महाराज के शासन के दौरान %बाल विवाह% पर ईमानदारी से प्रतिबंधित लगाया गया। उन उनका मानना था कि केवल नियम कानून बना देने से शासन प्रणाली संचालित नहीं हो जाती है ,उसे अनुप्रायोगिक करने के लिए स्वयं निरक्षण आवश्यक है । ऐसे महापुरुष के जीवन के बारे में सामान्य जानकारी देना आवश्यक हसी ,क्योंकि किसी भी महापुरुष का जीवन सरल और सहज नहीं होता है । यही कारण है की उनके जीवन से भी प्रेरणा मिलती है । राजर्षि छत्रपति शाहू महाराज का जन्म 26 जून 1874 में हुआ था। उनके पिता का नाम श्रीमंत जयसिंह राव आबासाहब घाटगे था। छत्रपति साहू महाराज का बचपन का नाम यशवंतराव था। वह बहुत छोटे थे तब बाल्य-अवस्था में ही बालक यशवंतराव को छत्रपति साहू महाराज की हैसियत से कोल्हापुर रियासत की राजगद्दी को सम्भालना पड़ा था। छत्रपति शिवाजी महाराज (प्रथम) के दूसरे पुत्र के वंशज शिवाजी चतुर्थ कोल्हापुर में राज्य करते थे।छत्रपति शाहू महाराज की माता राधाबाई मुधोल राज्य की राजकन्या थी। पिता जयसिंग रॉव उर्फ़ अबासाहेब घाटगे कागल निवासी थे। उनके दत्तक पिता शिवाजी चतुर्थ व दत्तक माता आनंदी बाई थी। छत्रपति शाहू महाराज की शिक्षा राजकोट के राजकुमार विद्यालय में हुई थी। प्रारंभिक शिक्षा के बाद आगे की पढ़ाई रजवाड़े में ही एक अंग्रेज शिक्षक स्टुअर्ट मिटफर्ड फ्रेज़र के जिम्मे सौपी गई थी। अंग्रेजी शिक्षक और अंग्रजी शिक्षा का प्रभाव छत्रपति शाहू महाराज के दिलों-दिमाग पर गहराई से पड़ा था। शाहू जी वैज्ञानिक सोच को न सिर्फ वे मानते थे बल्कि इसे बढ़ावा देने का हर संभव प्रयास करते थे। पुरानी प्रथा, परम्परा अथवा काल्पनिक बातों को वे महत्त्व नहीं देते थे। उनका मानना था मानव- मानव में ऊंच-नीच नहीं होता है । सामाजिक संरचना में भी सभी सामअन है इसलिए किसी को किसी से भेदभाव नहीं करना चाहिए ।

**डॉ. प्रह्लाद माने**

# चुनावी दंगल:40-85 परसेंट भ्रष्टाचार से लेकर करप्शन परसेंट रेट कार्ड तक

» **करप्शन परसेंट मामलों पर हर राजनीतिक दल द्वारा स्वतःसंज्ञान लेकर, भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई करने में गंभीरता दिखानी होगी**

» **बड़े बुजुर्गों की कहावत, धुआं वहीं से उठता है जहां आग लगती है, इसकी गंभीरता से गहराई तक जाकर भ्रष्टाचारियों को सजा देना जरूरी**

भ्रष्टाचार को जड़ से समाप्त करने के लिए करीब करीब हर राजनीतिक दल गंभीरता से जनता जनार्दन से हर जनसभा में दावा करते हैं कि, उनकी सरकार आई तो भ्रष्टाचार को पूरी तरह समाप्त कर जीरो टॉलरेंस कर देंगे। परंतु मेरा मानना है कि उन दलों को अपने दल की सरकार जिन राज्यों में है वहां भी अति गंभीर कढ़ाई बरतना चाहिए, ताकि प्रतिशत या परसेंट या फिर कमीशन रिपोर्ट कार्ड की नौबत ही पैदा ना हो। भारत में 10 मई 2023 को एक राज्य में चुनाव है जिसके नतीजे 13 मई 2023 को आने हैं वहां चुनावी दंगल में 40 परसेंट बनाम 85 परसेंट का जिक्र हर जनसभा में वक्ताओं द्वारा किया जाता है और एक विपक्षी पार्टी द्वारा मीडिया में विज्ञापन से कमीशन रेट कार्ड भी छपाया है, जिसका संज्ञान लेकर पक्ष पार्टी ने चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज की थी। चूंकि चुनाव आयोग द्वारा विज्ञापन देने वाली पार्टी की राज्य इकाई के अध्यक्ष को नोटिस जारी कर 7 मई 2023 को शाम 7 बजे तक जवाब दाखिल करने की ताकीद की गई है, अन्यथा कार्यवाही की बात कही है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, चुनावी दंगल- 40 - 85 परसेंट से लेकर करप्शन रेट कार्ड तक हर राजनीतिक दल द्वारा स्वतः संज्ञान लेकर भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई करने में गंभीरता दिखानी होगी।

साथियों बात अगर हम 6 मई 2023 को देर शाम चुनाव आयोग द्वारा नोटिस जारी करने और 7 मई को शाम 7 बजे तक जवाब मांगने की करें तो, विपक्षी पार्टी ने पक्ष सरकार को निशाना बनाते हुए अखबारों में करप्शन रेट कार्ड नाम से विज्ञापन प्रकाशित करवाया था, इस मामले में चुनाव आयोग ने पार्टी को नोटिस जारी किया है और रविवार शाम तक आरोपों को साबित करने के लिए साक्ष्य मांगे हैं। बात यह है कि10 मई को होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले, विपक्षी पार्टी ने 2019 और 2023 के बीच राज्य में भ्रष्टाचार दर को सूचीबद्ध करते हुए पोस्टर और विज्ञापन जारी किए और पक्ष सरकार को ट्रबल इंजन करार दिया। निर्वाचन आयोग ने अपने नोटिस में कहा, यह एक उचित धारणा है कि पार्टी के पास सामग्री/अनुभवजन्य/सत्यापन योग्य साक्ष्य हैं, जिसके आधार पर ये विशिष्ट/स्पष्ट तथ्य प्रकाशित किए गए हैं, एक ऐसी कार्रवाई जिसका लेखक के ज्ञान, इच्छा और ऐसा करने के पीछे की मंशा का पता लगाने के लिए निष्पक्ष रूप से मूल्यांकन किया जा सकता है। निर्वाचन आयोगन ने पार्टी (केपीसीसी) के अध्यक्ष से कहा कि सात मई 2023 को शाम सात बजे तक साक्ष्य उपलब्ध कराए जाएं, उदाहरण के लिए विज्ञापन में उल्लिखित नियुक्तियों और स्थानांतरण, नौकरियों के प्रकार और कमीशन के प्रकारों के लिए दरों का प्रमाण, और यदि कोई स्पष्टीकरण हो तो साथ में वह भी दिया जाए। इसे सार्वजनिक मंच पर भी रखा जाए। पार्टी यदि सात मई को शाम सात बजे तक साक्ष्य साझा करने में विफल रहती है, तो उसे कारण बताना होगा कि आदर्श आचार संहिता और जनप्रतिनिधित्व अधिनियम तथा भादंसं के तहत प्रासंगिक कानूनी प्रावधानों का उल्लंघन करने के लिए उनके खिलाफ कार्रवाई क्यों शुरू नहीं की जानी चाहिए। निर्वाचन आयोग ने कहा कि विरोधी दलों की नीति एवं शासन की आलोचना संविधान के तहत गारंटीकृत अधिकार के साथ-साथ भारतीय चुनावी प्रक्रिया के तहत विभिन्न राजनीतिक अदाकारों का एक आवश्यक कार्य है। आचार संहिता के प्रावधान 2 अंश 1 के मुताबिक चुनाव प्रचार के दौरान विरोधी पार्टी की वर्तमान और पूर्व नीतियों और मुद्दों की बात की जा सकती है, ना कि निजी जिंदगी की, जिसका जनता से कोई लेना-देना ना हो, यानि अपुष्ट और आधारहीन आरोपों पर कोई बात कहनी, करनी, प्रकाशित या प्रसारित करना आचार संहिता का उल्लंघन होगा।

साथियों बात अगर हम इन चुनावी राज्य में 40 परसेंट के जोरदार दंगल की करें तो, एक ठेकेदार ने पिछले साल एक होटल में फांसी लगा ली थी, सुसाइड नोट में उसने पक्ष विधायक और ग्रामीण विकास एवं पंचायत राज मंत्री के पर आरोप लगाया था कि वे सरकारी ठेके में 40 प्रतिशत कमीशन की मांग कर रहे थे। स्टेट कॉन्ट्रैक्टर एसोसिएशन ने पीएम तक से इसकी शिकायत कर डाली थी। सरकार जब पर घिरने लगी तो मंत्री को पद से इस्तीफा देना पड़ा था। एसोसिएशन ने जुलाई 2021 में भी इन्हीं आरोपों को लेकर पीएम को पत्र लिखा था। जनवरी 2022 में एसोसिएशन के अध्यक्ष ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दावा किया था कि पक्ष सरकार के कई मंत्री और विधायक रिश्वत मांगते हैं। पिछले साल लिंगायत समुदाय से जुड़े मठ के संत ने भी आरोप लगाया था कि किसी संत तक अनुदान की राशि 30 प्रतिशत कमीशन के बाद ही पहुंचती है। संत के आरोपों के बाद सीएम को जांच का आश्वासन देना पड़ा था। लिंगायत समुदाय की आबादी राज्य में करीब 17 फीसदी है, जिनकी प्रदेश के चुनावों में अहम भूमिका रहती है। ऐसे में पक्ष पार्टी इस समुदाय को नाराज नहीं करना चाहती। राज्य की स्कूल एसोसिएशन ने पीएम को पत्र लिखकर राज्य सरकार में भ्रष्टाचार की शिकायत की थी।13 हजार स्कूल इस एसोसिएशन के जुड़े हैं। उन्होंने आरोप लगाया था कि शैक्षणिक संस्थानों को मान्यता देने के लिए विभाग से रिश्वत मांगी जा रही है। बिना किसी लॉजिक के तर्कहीन, भेदभावपूर्ण और गैर-अनुपालन मानदंड केवल गैर सहायता प्राप्त निजी स्कूलों पर लागू किए जा रहे हैं, इस कारण बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हो रहा है। इस लेटर में उन्होंने पक्ष पार्टी के दो मंत्रियों पर शिक्षा का व्यवसायीकरण करने का भी आरोप लगाया था।

साथियों बात अगर हम 85 परसेंट के आरोप की करें तो विपक्षी पार्टी के एक पूर्व प्रधानमंत्री के एक बयान एक रुपया निकलता है और हितधारकों तक 15 पैसे पहुंचता है इस वाक्यात वाली बात को टीवी चैनलों के माध्यम से हम रोज देख रहे हैं कि माननीय पीएम सहित हर स्टार प्रचारक और अन्य प्रचारकों द्वारा इस मामले को जोर-शोर से उठाया जा रहा है। शनिवार दिनांक 6 मई 2023 को भी अनेक जनसभाओं में माननीय पीएम द्वारा इस मुद्दे को उठाया जिसे आम जनता द्वारा जनसभाओं में उपस्थित होकर तथा टीवी चैनलों के माध्यम से भी सुना, इसलिए मेरा मानना है कि हर राजनीतिक दलों द्वारा ऐसी स्थिति उत्पन्न ही नहीं होने देने के लिए सुशासन के पहिए की रफ्तार काफी तेज करनी होगी।

अतः अगर हम उपरोक्त बोले और उनका अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि चुनावी दंगल - 40 - 85 परसेंट भ्रष्टाचार से लेकर करप्शन परसेंट रेट कार्ड तक करप्शन परसेंट मामलों पर हर राजनीतिक दल द्वारा स्वतः संज्ञान लेकर, भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई करने में गंभीरता दिखानी होगी। बड़े बुजुर्गों की कहावत, धुआं वहीं से उठता है जहां आग लगती है, इसकी गंभीरता से गहराई तक जाकर भ्रष्टाचारियों को सजा देना ज़रूरी है।



**एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी**
गोंदिया महाराष्ट्र

# राजनीति में धर्म आधारित लामबंदी साम्प्रदायिकता को दे रही चिंगारी

**कब गीता ने ये कहा, बोली कहाँ कुरान। करो धर्म के नामपर,धरती लहूलुहान।**

(राजनीति में धर्म आधारित लामबंदी साम्प्रदायिकता को दे रही चिंगारी, सांप्रदायिक पूर्वाग्रहों को रोजमर्रा की जिंदगी में काउंटर करने की जरूरत।)

साम्प्रदायिकता हमारे देश में लोकतंत्र के लिए प्रमुख चुनौतियों में से एक थी और अब भी है। सांप्रदायिकता विभिन्न रूप ले सकती है जैसे बहुसंख्यक प्रभुत्व, धार्मिक पूर्वाग्रह और रूढ़िवादिता, और धार्मिक रेखाओं के साथ राजनीतिक लामबंदी। साम्प्रदायिक सोच अक्सर अपने स्वयं के धार्मिक समुदाय के राजनीतिक प्रभुत्व की खोज की ओर ले जाती है। हमारे संविधान निर्माताओं को इस चुनौती के बारे में पता था और इसलिए उन्होंने धर्मनिरपेक्ष राज्य मॉडल को चुना। इसके अलावा सांप्रदायिक पूर्वाग्रहों और प्रचार को रोजमर्रा की जिंदगी में काउंटर करने की जरूरत है और राजनीति के क्षेत्र में धर्म आधारित लामबंदी का मुकाबला करने की जरूरत है।

साम्प्रदायिकता इस धारणा पर आधारित है कि भारतीय समाज धार्मिक समुदायों में बंटा हुआ है, जिनके हित न केवल भिन्न हैं, बल्कि एक-दूसरे के विरोधी भी हैं। यह धर्म से जुड़ी एक आक्रामक राजनीतिक विचारधारा है। हालाँकि, सांप्रदायिकता राजनीति के बारे में है, धर्म के बारे में नहीं। हालांकि सांप्रदायिकतावादी धर्म के साथ गहनता से जुड़े हुए हैं, व्यक्तिगत आस्था और सांप्रदायिकता के बीच कोई जरूरी संबंध नहीं है। साम्प्रदायिकता की विशिष्ट विशेषताओं में से एक इसका दावा है कि धार्मिक पहचान बाकी सभी चीजों से ऊपर है। भारत में साम्प्रदायिकता के बने रहने के लिए उत्तरदायी कारक केवल एक नहीं है। ऐतिहासिक तौर पर देखे तो अंग्रेजों ने हिंदुओं और मुसलमानों के बीच दरार पैदा करके राष्ट्रवादी आकांक्षाओं को कमजोर करने के लिए फूट डालो और राज करो की नीति का इस्तेमाल किया। इसके परिणामस्वरूप दो समूहों के बीच सांप्रदायिक तनाव पैदा हो गया और यह माना जाता है कि भारत में ब्रिटिश शासन के जारी रहने के दौरान ही हिंदू-मुस्लिम विभाजन हुआ। भारत का विभाजन इसी नीति का अंतिम परिणाम था।

आज़ादी के बाद बनी रही सामाजिक-आर्थिक असमानता की खाई गहरी होती गई और जीवन की सामाजिक-आर्थिक आवश्यकता के प्रयोजन के लिए बहुसंख्यक समुदाय और अल्पसंख्यक समुदाय के बीच आंतरिक तनाव और तनाव भी सांप्रदायिक घृणा को बढ़ावा देता है। बड़े पैमाने पर गरीबी और बेरोजगारी लोगों में निराशा की भावना पैदा करती है। दोनों समुदायों के बेरोजगार युवाओं को धार्मिक कट्टरपंथियों द्वारा आसानी से फंसाया जा सकता है और उनके द्वारा सांप्रदायिक दंगों के लिए उपयोग किया जाता है। कट्टरवाद और सांप्रदायिकता में कुछ वैचारिक तत्व समान हैं। दोनों राजनीति और राज्य से धर्म को अलग करने की अवधारणा पर हमला करते हैं। दोनों ही सभी धर्मों में समान सत्य की अवधारणा के विरोधी हैं। यह धार्मिक समरसता और सहिष्णुता की अवधारणा के विरुद्ध है। राजनीति का साम्प्रदायिकीकरण होने से भारत में चुनावी राजनीति अधिक खर्चीली और प्रतिस्पर्धी हो गई है। राजनीतिक दल चुनावी जीत के लिए उचित या गलत किसी भी साधन का इस्तेमाल करने से नहीं हिचकिचा रहे हैं। यहां तक कि वे साम्प्रदायिक तनाव भी पैदा करते हैं और इसका राजनीतिक फायदा उठाने की कोशिश करते हैं। इसलिए, एक प्रक्रिया के रूप में राजनीति का साम्प्रदायिकीकरण, भारत में साम्प्रदायिकता के विकास को समर्थन दे रहा है।

सांप्रदायिक विचारधाराओं, विभिन्न समुदायों के व्यवहार और प्रतिक्रियाओं को फैलाने में मीडिया की भूमिका काफी शक्तिशाली रही। लगभग हर बड़े साम्प्रदायिक दंगे में मीडिया द्वारा समर्थित अफवाहें भूमिका निभाती हैं। उदाहरण के लिए- 2013 के मुजफ्फरनगर दंगे इस बात का एक प्रमुख उदाहरण हैं कि सांप्रदायिक तनाव के दौरान सोशल मीडिया कैसे सक्रिय भूमिका निभा सकता है।साम्प्रदायिकता की समस्या को और भी बदतर बनाने में राज्येत्तर तत्वों समेत बाहरी तत्वों का हाथ है। उनका मकसद अस्थिरता का माहौल बनाना और अल्पसंख्यक समुदाय की सहानुभूति हासिल करना है। सांप्रदायिकता की समस्या को दूर करने के लिए आज देश को मूल्य आधारित शिक्षा की अहम जरूरत है। शिक्षा के माध्यम से करुणा, धर्मनिरपेक्षता, शांति, अहिंसा और मानवतावाद जैसे मूल्यों को प्रदान करने और समाज में वैज्ञानिक सोच का निर्माण करने पर जोर दिया जाना चाहिए। आपराधिक न्याय प्रणाली में सुधार वक्त की मांग है; विशेष रूप से सांप्रदायिक हिंसा से उत्पन्न आपराधिक न्याय प्रणाली की अक्सर आलोचना की जाती रही है। पुलिस प्रक्रियाओं और प्रथाओं में सुधार के लिए उपाय किए जाने चाहिए और समय पर न्याय दिलाने के लिए विशेष जांच और अभियोजन एजेंसियों की स्थापना की जानी चाहिए।

वैचारिक पूर्वाग्रह को दूर करना ऐसे समय फायदेमंद रहता है और न्यूज चैनल लोगों के विचारों और मानसिकता को प्रभावित करने में बहुत बड़ी भूमिका निभाते हैं, इसलिए जब वे एक समुदाय या धर्म के प्रति पक्षपाती होते हैं, तो इससे उन न्यूज चैनलों को देखने वाले लोगों के दृष्टिकोण में पूर्वाग्रह विकसित हो सकते हैं। इसलिए मीडिया को दर्शकों के सामने संतुलित राय पेश करने पर ध्यान देना चाहिए। सामाजिक और सांस्कृतिक मिलन को सुगम बनाने के लिए त्योहारों, उत्सवों और सामाजिक समारोहों की व्यवस्था करके विभिन्न संस्कृतियों को समझने जैसे कदम उठाए जाने चाहिए। धर्म के आधार पर यहूदी बस्ती और भौगोलिक अलगाव को रोकना, अंतर-धार्मिक विवाहों को बढ़ावा देना आदि को लिया जाना चाहिए। सांप्रदायिक जागरूकता पैदा करने में नागरिक समाज, गैर-सरकारी संगठन सांप्रदायिक जागरूकता पैदा करने, मजबूत सामुदायिक संबंध बनाने और सांप्रदायिक सद्भाव के मूल्यों को विकसित करने के लिए सरकार के साथ गठजोड़ कर सकते हैं। अतीत की विरासत का प्रसारण कर के देशवासियों को इतिहास के उन गौरवमयी क्षणों की याद दिलाने का प्रयास किया जाना चाहिए जिनमें राष्ट्र के हितों की रक्षा के लिए हिन्दू, मुस्लिम और सिक्ख एक साथ थे। इसके अलावा, लोगों को इस बात से अवगत कराया जाना चाहिए कि भारत की विविधता ने देश के लिए एकता के स्रोत के रूप में कैसे काम किया है।

समान नागरिक संहिता को सिद्धांत को संविधान के अनुच्छेद 44 में निर्धारित किया गया है। यूसीसी के बिना, यह देखा गया है कि प्रत्येक समुदाय के अलग और परस्पर विरोधी हित हैं। इसे लागू करने से धार्मिक मतभेदों को कम करने में मदद मिल सकती है। साम्प्रदायिकता हमारे देश में लोकतंत्र के लिए प्रमुख चुनौतियों में से एक थी और अब भी है। सांप्रदायिकता विभिन्न रूप ले सकती है जैसे बहुसंख्यक प्रभुत्व, धार्मिक पूर्वाग्रह और रूढ़िवादिता, और धार्मिक रेखाओं के साथ राजनीतिक लामबंदी। साम्प्रदायिक सोच अक्सर अपने स्वयं के धार्मिक समुदाय के राजनीतिक प्रभुत्व की खोज की ओर ले जाती है।हमारे संविधान निर्माताओं को इस चुनौती के बारे में पता था और इसलिए उन्होंने धर्मनिरपेक्ष राज्य मॉडल को चुना। इसके अलावा सांप्रदायिक पूर्वाग्रहों और प्रचार को रोजमर्रा की जिंदगी में काउंटर करने की जरूरत है और राजनीति के क्षेत्र में धर्म आधारित लामबंदी का मुकाबला करने की जरूरत है।



**डॉ. सत्यवान सौरभ**
बड़वा (सिवानी) भिवानी,
हरियाणा

### अतीत के पन्ने

भूल चुका हूँ मैं कल का वो मंजर
मकबूल हुआ था जहाँ धोखा का खंजर
तेरा फैला था जहाँ बेवफाई का वो साया
कभी बन फिरती थी हमारी हम साया
नई राह का हम हैं नई एक बदनसीब राही
निकल पड़ा हूँ छोड़ नसीब की तन्हाई
जीवन में हर क्षण जार जार जिसने रूलाई
कैसे भूल जाऊंगा मैं तेरी खता हरजाई
जिसकी तिजारत थी जग में सिर्फ बेवफाई
जग में करा दी है मेरी सरेआम रुसवाई
जीवन समझा था जिनको अपना हमसाया
लुट लिया जीवन भर की शांति की काया
नई डगर है राह कोई ना हमारी रोक लेना
पुरानी राहों से कोई मुझे आवाज ना देना
जिस याद को भूलाने की जिद में अड़ा हूँ
अतीत की परछाई से बहुत दूर खड़ा हूँ
जिस प्रेम बंधन ने रूलाया हमें है जार जार
अब क्यूं करूँ उस बेवफा पे मैं एतबार
निकल पड़ा हूँ ढूँढने एक नई सच्ची संसार
सुख दुःख झेलेगें गिर गिर कर सौ बार
तुम्हें मुबारक हो तेरी नई नई रहबर
भूला दिया है मैंने तेरी गली की वो डगर
नई राह पे मेरी नई सी मंजिल एक होगी
खुशियों से भरा हरा गुलशन महकेगी



**उदय किशोर साह**
जयपुर जिला
बाँका बिहार

### बाढ़े हे बेरोजगारी

देखा हमर राज म बाढ़े हे बेरोजगारी
सब्बो बेरोजगार ल चाहिए रोजगारी।
पढ़ईया के भीड़ बाढ़य अब्बड़ भारी
एड़ी-चोटी घिसय ताके दुवारी-दुवारी।
कतको उदीम करे नईए पूछ-पूछारी
रंग-रंग के फारम भरे संगी-संगवारी।
इहाँ-उहाँ दफ्तर म रोज देवय हाजरी
तब्भो कोनो नई करय इकर चिन्हारी।
शासन सुध लिस करिस आदेश जारी
सब्बो शिक्षित ल मिलय ए मौका पारी।
चयन म पारदर्शिता अउ रहे ईमादारी
मुखिया सुध लेवय दूर होवे भ्रष्टाचारी।



**अशोक पटेल आशू**
शिवरीनारायन
(छ ग)

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

# कड़ी सुरक्षा व निगरानी के बीच 11 केन्द्रों पर हुई नीट की परीक्षा

- संवाददाता -
अंबिकापुर,07 मई 2023 (घटती-घटना)।




कड़ी सुरक्षा व निगरानी के बीच रविवार को अंबिकापुर के 11 केंद्रों में नीट की परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा में 4595 ज्यादा परीक्षार्थी शामिल हुए। अंबिकापुर में पिछले दो वर्षों से ही नीट की परीक्षा हो रही है। इससे पूर्व परीक्षार्थियों को बिलासपुर, रायपुर, भिलाई सहित अन्य शहरों में जाना पड़ता था। वर्ष 2021 से नीट की परीक्षा अंबिकापुर में आयोजित होने से संभाग सहित आस-पास के राज्यों से आने वाले परीक्षार्थियों को सुविधा उपलब्ध हो रही है। परीक्षा के नोडल अधिकारी पीके रॉय ने बताया कि इस वर्ष लगभग 4708 परीक्षार्थियों ने नीट परीक्षा के लिए आवेदन किया था। जिसमें 4595 परीक्षार्थी शामिल हुए। वहीं 113 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। वहीं परीक्षा के लिए कुल 11 केन्द्र बनाए गए थे। नीट की परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक ली गई। परीक्षार्थियों को दोपहर 1.30 बजे परीक्षा केंद्र पर पहुंचना अनिवार्य था। हालांकि परीक्षार्थियों ने दोपहर 12 बजे से ही केन्द्र पर पहुंचना शुरू हो गए थे। परीक्षा केंद्रों पर विशेष तैयारी की गई थी। परीक्षा केंद्र के मुख्य द्वार पर ही अभ्यर्थियों के एडमिट कार्ड, आधार कार्ड सहित अन्य दस्तावेज चेक किए गए। इस दौरान परीक्षार्थियों को अपने साथ केवल आधार कार्ड, एडमिट कार्ड के अलावा अन्य किसी भी चीज को अपने साथ ले जाना वर्जित था। वहीं परीक्षार्थियों के परीक्षा केन्द्र परिसर में ही जूता-चप्पल उतरवा लिए गए थे। महिला परीक्षार्थियों को बंधे हुए बाल के साथ परीक्षा हॉल में प्रवेश वर्जित था। वहीं परीक्षार्थियों को अपने साथ पानी बॉटल लाने की अनुमति थी पर जो परीक्षार्थी पानी बॉटल नहीं लाए थे उन्हें संस्थान द्वारा उपलब्ध कराया गया। अंबिकापुर में 11 केन्द्रों पर नीट की परीक्षा आयोजित की गई थी। जो सरगुजा संभाग सहित अन्य प्रदेशों से भी परीक्षार्थी पहुंचे थे। इस दौरान सरगुजा पुलिस द्वारा यातायात व्यवस्था को लेकर कोई इंतेजाम नहीं किए गए थे। परीक्षा के शुरूआति समय में भी शहर के कई स्थानों पर जाम की स्थिति निर्मित हो गई। वहीं शाम 5 बजे जब परीक्षा खत्म हुए तो पूरे शहर में जाम की स्थिति निर्मित हो गई। जाम में परीक्षार्थियों के साथ-साथ अन्य लोग भी फंसे रजे। जाम की स्थिति लगभग दो घंटे से ज्यादा समय तक बनी रही।

# राष्ट्रीय पहलवानों के मामले में युवा कांग्रेस ने कैंडल मार्च निकाला

- संवाददाता -
कुसमी, 07 मई 2023 (घटती-घटना)।

युवा कांग्रेस के पदाधिकारियों द्वरा प्रेस विज्ञप्ति जारी कर यह जानकारी दी कि युवा कांग्रेस के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओ ने कैंडल मार्च निकालकर पहलवानों के अभ्रदता के मामला सामने आने पर विरोध जताया है,दरसल युवा कांग्रेस के लोग आरोप लगा रही है कि दिल्ली संसद मार्ग के जंतर मंतर पर धरने पर बैठे पहलवानों पर दिल्ली पुलिस द्वारा किया गया अत्याचार अति दुःखद है भारत के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है कि जिन पहलवानों ने देश का नाम रोशन किया आज दिल्ली पुलिस उन्हें चौराहे पर बर्बरता पूर्वक पिट रही है, सामरी विधानसभा के कुसमी में युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा के आव्हान पर एवं युवा कांग्रेस बलरामपुर जिलाध्यक्ष बृजेश यादव के मार्गदर्शन में तथा सामरी विधानसभा अध्यक्ष दीपक बुनकर के नेतृत्व में भारी संख्या में युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता कैंडल मार्च निकाल कर विरोध प्रदर्शन किया,युवा कांग्रेस के लोगो ने यह भी कहा कि केंद्र सरकार के इशारे पर दिल्ली पुलिस द्वारा पहलवानों का अत्याचार किया जा रहा युवा कांग्रेस भारत की इन बेटियो के साथ खड़ा है जब ये पहलवान मैडल जीतते है तो देश का मान बढ़ता है गर्व महसूस करते है हम सब भारत वासी उन्हें बधाई देते है पर भाजपा शासन में उन्हें बर्बरता पूर्वक पीटा जा रहा है दिल्ली सांसद बृजभूषण के गिरफ्तारी की मांग की गई ,कैंडल मार्च कार्यक्रम में प्रमुख रूप युवा कांग्रेस से संदीप निकुंज,सुशील भगत(सरपंच),प्रेमचन्द्र, रंजीत,राजेन्द्र सिद्धार्थ, हीरालाल,मुकेश,अबलोंन, जिरलाल, सुशील मिंज,मनोज, निशांत,भालू सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।



# प्रदेश की सरकार ने समाज के हर तबके के लिए किया हैं काम



- संवाददाता -
अंबिकापुर,07 मई 2023 (घटती-घटना)।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहन मरकाम एआईसीसी के राष्टीय अध्यक्ष एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिव डॉ. चंदन यादव, बूथ कमेटी के प्रदेश संयोजक सिसोदिया देर शाम दो दिवसीय प्रवास पर अंबिकापुर पहुंचे।

सरगुजा आगमन पर जिला कांग्रेस ने स्वागत किया। जिला कांग्रेस के अध्यक्ष राकेश गुप्ता, श्रम कल्याण मण्डल अध्यक्ष शफी अहमद, प्रदेश उपाध्यक्ष जेपी श्रीवास्तव, प्रदेश महामंत्री द्वितेंद्र मिश्रा, मेयर डॉ अजय तिर्की, बीस सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के उपाध्यक्ष अजय अग्रवाल, सरगुजा की प्रभारी फुलकेरिया भगत का गर्मजोशी से स्वागत किया। स्वागत की औपचारिकता उपरांत प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और एआईसीसी प्रभारी सचिव ने कांग्रेस जनों से बंद कमरे में संगठन की गतिविधियों पर चर्चा की। उन्होंने आगामी चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं का मन टटोला। पीसीसी अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार आम जनों को केंद्र में रखकर उनके विकास की रूपरेखा बनाने के साथ-साथ उसे अमलीजामा पहनाने का प्रयास कर रही है। कांग्रेस की सरकार ने समाज के हर तबके के लिए काम किए हैं। हम सब कार्यकर्ता इसे लेकर लोगों के बीच जाएंगे। 2023 में छत्तीसगढ़ में फिर से बड़े बहुमत की सरकार बनेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आपसी मतभेद भूलकर पार्टी और संगठन के लिए कार्य करने का आह्वान किया है। एआईसीसी के प्रभारी सचिव डॉ चंदन यादव भी कार्यकर्ताओं से अलग-अलग और सामूहिक तौर पर मुलाकात की उन्होंने कांग्रेस की रीति नीति और सर्व धर्म समभाव को लेकर चलने पर बल दिया। यादव ने कहा कि सरकार के कार्यकाल का एक बड़ा हिस्सा करीना महामारी में निकल गया कार्यकर्ताओं कि कुछ उम्मीदें पूरी नहीं हो सकी है इस बात से वह अवगत हैं । हमें आपसी मतभेदों को भूलकर कांग्रेस की सरकार बनाने की दिशा में काम करना है। यादव ने एक एक कार्यकर्ताओं से बंद कमरे में चर्चा कर उनके मन की बात सुनी और भरोसा दिलाया कि जो कमिया रह गई उन्हें आगामी दिनों में दूर कर लिया जाएगा। उन्होंने भरोसा जताया जो सर्वे की रिपोर्ट आ रही है उनसे कई गुना अधिक कार्यकर्ताओं का उत्साह यह प्रमाणित कर रहा है अगली बार फिर से हम बड़ी बहुमत के साथ सरकार बनाएंगेई। इस अवसर पर जिला महिला कांग्रेस की अध्यक्ष सीमा सोनी, हेमन्त सिन्हा महामंत्री सैयद अख्तर हुसैन, गांगी बाई हेमन्त तिवारी,शैलेन्द्र प्रताप सिंह, आशीष वर्मा,अनुपम फिलिप,दीपक मिश्रा, संजय सिंह, सतीश बारी,सतेंद्र तिवारी,नीतीश चौरसिया, उत्तम राजवाड़े, रजनीश सिंह, सुनील मिश्रा, अविनाश , शुभम जायसवाल, विकास केशरी, गुरप्रीत, मग्गू सिंह, काजू खान, कलीम अंसारी,आशीष जायसवाल, रूही गजाला,गीता रजक, नुजहत फातिमा,गीता प्रजापति, शकीला परवीन, धीरज गुप्ता, आतिश शुक्ला, सहित कांग्रेस जन उपस्थित थे।

# अज्ञात ट्रक की ठोकर से आटो चालक की मौत के बाद लोगों ने चक्का जाम कर विरोध जताया

- संवाददाता -
कुसमी,07 मई 2023 (घटती-घटना)।




शहर के मुख्य मार्ग सामुदायिक स्वाथ्य केंद्र के सामने लोगो ने चक्का जाम कर विरोध प्रदर्शन किया,दरसल बीती रात सड़क दुर्घटना में गोपातु गांव के पास अज्ञात ट्रक की ठोकर से ऑटो चालक जियाउल हक 33 वर्षीय कुसमी निवासी युवक की मौत हो गई थी ,बताया यह जा रहा है कि ऑटो चालक एक शव को पहुंचाने सामरी क्षेत्र के किसी गांव में गया हुआ था और शव छोड़कर वापस अपने घर की ओर रात में लौट रहा था कि अचानक रास्ते ने दर्दनाक सड़क हादसे की चपेट में आकर उसकी मौत हो गई थी,वही घटना की खबर परिजन सहित लोगो को जब हुई तो लोग घटना को सुनकर आहत हो गये,और फिर आज रविवार को चक्का जाम कर घटना का विरोध जताया, लोगो का कहना था कि घटना हिंडाल्को कम्पनी में काम कर रहे ट्रक की है क्योंकि सामरी क्षेत्र में ज्यादा ट्रक हिन्डाल्को कम्पनी में बाक्साईड परिवहन के लिये चलता है,इसी वजह से लोग हिंडाल्को कंपनी के खिलाफ सड़क पर चक्का जाम कर नारेबाजी करते हुये कम्पनी से मुआवजा के साथ मिर्तक परिवार के एक सदस्य की नोकरी की मांग करने लगे और साथ ही कुसमी सीएचसी में शव वाहन की मांग भी लोगो ने रखा ,वही इस दौरान सड़क पर ट्रको की लम्बी कतार लग गई ,फिर बताया यह जा रहा है कि पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों ने लोगो से बातचीत की और फिर हिन्डाल्को कम्पनी के अधिकारी के साथ चर्चा हुई तो मिर्तक परिवार के लोगो तत्कालीन सहायता की तौर पर 50 हजार रुपये दिये गये है वही एक परिवार की नोकरी देने की बात भी कही गई थी लेकिन जो जानकारी मिल रही है उसके मुताबिक मिर्तक परिवार ने नोकरी के बजाय पैसा ही मांगा है क्योंकि परिवार में कोई नोकरी योग्य सदस्य नही होना बताया गया है तब जाकर चक्का जाम समाप्त किया गया,वही घटना कर फरार हुये अज्ञात ट्रक चालक की खोजबीन सामरी पाठ की पुलिस कर रही है साथ ही पुरे घटना की विवेचना में भी पुलिस जुट गई है।

# समर कैम्प 2023 के तीसरे दिन को शांति दिवस के रूप में मनाया गया



- संवाददाता -
अम्बिकापुर,07 मई 2023 (घटती-घटना)।

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के शिक्षाविद सेवा प्रभाग द्वारा नव विश्व भवन चोपड़ापारा, अम्बिकापुर में छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिये आयोजित समर कैम्प 2023 के तीसरे दिन को शांति दिवस के रूप मे मनाया गया। बच्चों ने आज पूरा दिन मैं शक्तिशाली आत्मा हूँ साथ ही साथ बच्चों को आज्ञाकारिता रूपी गुणों का महत्व बताया गया और बच्चों को कहा गया कि आज पूरे दिन अपने माता- पिता और बड़ों का आज्ञा मानना हैं, बच्चों ने अपने से बड़ो और छोटों का बात मानकर दुआयें लेने की प्रतिज्ञा की।




### ब्रह्माकुमारी प्रतिमा बहन ने बच्चों के अन्दर की प्रतिभाओं को निखारनें के लिये भाषण

कला के बारे में बताया कि भाषण अंदर की भाव एवं भावनाओं को व्यक्त करने की कला है। हमारे जीवन के हर कदम में इसकी आवश्यकता होती है, इसलिये हमें अपनी बातों में सभी के लिये सम्मान, स्नेह की भावना रखनी चाहिये। उन्होंने बताया कि भाषण देते समय हमें अपने आई कॉन्टेक्ट, आई मूवेन्ट, चेहरे का हाव- भाव, स्थिति के आधार पर एवं निर्भय होकर करना चाहिये। अच्छे- अच्छे शब्दो को भी हमें अपनी बुद्धि में कलेक्ट करके रखना चाहिये। और भाषण देते समय हमारी आवाज मधुर, आकर्षक एवं उतार- चढ़ाव के साथ करना चाहिये।

अमृता बहन बच्चों को चित्रकला का महत्व बताते हुये कहा कि चित्र और कला दो शब्दों से मिलकर बना है। कला एक ऐसा गुण हैं जो सभी बच्चों के अंदर होता है। कला के माध्यम से किसी भी कार्य को कितने परफेक्शन के साथ हम लोगों के सामने प्रस्तुत करते है। चित्र के द्वारा हम अपने भावों की सुन्दरता को प्रस्तुत करते हैं उसे ही चित्रकला कहा जाता है। चित्रकला एक भाषा है जो कई शब्दों का भण्डार है। एक चित्र हजार शब्दों से ज्यादा प्रभावी होता है। इसलिये चित्र बनाने के लिये हमारे अंदर धैर्यता रूपी गुणों की आवश्यकता है।




# संत गहिरा गुरु के पुत्र गेंदबिहारी के आरोपियों पर तीन दिन के अंदर कार्रवाई की मांग

- संवाददाता -
अंबिकापुर,07 मई 2023 (घटती-घटना)।

कुछ दिन पूर्व जशपुर जिले के बगीचा के दुर्गापारा में संत गहिरा गुरु के पुत्र गेंदबिहारी के साथ हुए दुर्व्यवहार के विरोध में रविवार को अखिल भारतीय संता समिति ने पुलिस महानिरीक्षक के नाम ज्ञापन सौंप कर दोषी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने व शासकीय सेवा से पृथक करने की मांग की है। रविवार को अखिल भारतीय संत समिति के अध्यक्ष सर्वेश्वर दास के नेतृत्व में संत समिति के लोगों ने अंबिकापुर में रैली निकाल कर ज्ञापन सौंपा। शहर के बीटीआई मैदान पूरे संभाग भर से सौकड़ों की संख्या में समिति के लोग शामिल हुए और सभा किया। सभा के बाद रैली की शक्ल में बानारस चौक, गांधी चौक होते हुए कलेक्टोरेट पहुंचे और पुलिस महानिरीक्षक के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान काफी संख्या में महिला-पुरूष शामिल रहे। लोग जय श्रीराम के नारे लगा रहे थे। समिति ने ज्ञापन के माध्यम से आईजी को अवगत कराया है कि कुछ दिन पूर्व बगीचा के दुर्गापारा में गहिरा गुरु महाराज के पुत्र गेंदबिहारी के साथ बगीचा एसडीओपी ने जो कृत्य किया यह घटना अति निन्दनीय है। उसके बाद भी संबंधित एसडीओपी और आरक्षकों के खिलाफ एफआईआर न होना और शासकीय सेवा से पृथक न होना, संत समाज के स्वाभिमान को आहत करता है। संत समाज ने पुलिस महानिरीक्षक को ज्ञापन सौंप कर गेंदबिहारी के साथ घटित घटना को संज्ञान में लेते हुए आरोपियों के ऊपर एफआईआर कर शासकीय सेवा से पृथक करने की कार्रवाई 3 दिवस के भीतर अनिवार्य रूप करने की मांग की है। ताकि भविष्य में कोई भी इस प्रकार का कृत्य सतों के साथ पुनरावृत्ति न हो।

# वरिष्ठ पत्रकार अरशद शरीफ की हत्या में आईएसआई का हाथ,इमरान खान ने सेना पर लगाए गंभीर आरोप

**इस्लामाबाद,07 मई 2023।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने आरोप लगाया है कि जिस आईएसआई अधिकारी ने उन्हें मारने की दो बार कोशिश की, उसी अधिकारी ने वरिष्ठ पत्रकार अरशद शरीफ की हत्या कराई। लाहौर में एक रैली के दौरान इमरान खान ने ये आरोप लगाए। इमरान खान की रैली का वीडियो लिंक के जरिए पाकिस्तान के कई शहरों में लाइव टेलीकास्ट किया गया।

### आईएसआई के मेजर जनरल फैसल नसीर पर लगाए आरोप

रैली के दौरान इमरान खान ने कहा कि %आईएसआई के मेजर जनरल फैसल नसीर ने मुझे दो बार मारने की कोशिश की। वही अरशद शरीफ की हत्या में शामिल है। उसी ने मेरी पार्टी के सांसद आजम स्वाती को निर्वस्त्र किया और उन्हें प्रताड़ित किया।% बता दें कि पत्रकार अरशद शरीफ की बीते साल अक्तूबर में केन्या में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। अरशद शरीफ सेना के प्रति आलोचक थे और उन्हें इमरान खान का समर्थक माना जाता था।

### केन्या में हुई थी अरशद शरीफ की हत्या

अरशद शरीफ पर देशद्रोह का आरोप लगा था, जिसके बाद वह पाकिस्तान छोड़कर दुबई चले गए थे। वहां से लंदन होते हुए वह केन्या की राजधानी नैरोबी पहुंचे थे। नैरोबी में अरशद शरीफ की केन्या पुलिस द्वारा गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। केन्या पुलिस ने कहा था कि गलत पहचान के चलते अरशद शरीफ को गोली मारी गई। अरशद की मौत पर पाकिस्तान में खूब हंगामा हुआ था।



### इमरान खान पहले भी लगा चुके हैं आरोप

इमरान खान पर भी बीते साल नवंबर में हमला हुआ था, जिसमें उनके पैर में गोली लगी थी। उस वक्त इमरान खान ने मेजर जनरल नसीर समेत प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और आंतरिक मामलों के मंत्री राणा सनाउल्लाह पर उनकी हत्या का आरोप लगाया था। इमरान खान ने लाहौर की रैली में कहा कि मेजरल जनरल फैसल नसीर पर उनकी पार्टी के नेताओं-कार्यकर्ताओं को प्रताड़ित करने का आरोप लगाया। इमरान ने लोगों से माफिया सत्ताधारियों के खिलाफ सड़कों पर उतरने की अपील की।

इमरान खान की पार्टी 14 मई तक पंजाब में कई रैलियों का आयोजन करेगी। इमरान खान ने कहा कि अगर सुप्रीम कोर्ट की अवहेलना की जाएगी तो संविधान ध्वस्त हो जाएगा और देश में कानून का राज भी खत्म हो जाएगा। इमरान खान ने बिलावल भुट्टो की भारत यात्रा पर भी निशाना साधा और कहा कि इस यात्रा से क्या हासिल हुआ और इससे सिर्फ देश की बेइज्जती हुई।



## शॉपिंग मॉल में अंधाधुंध फायरिंग, 9 लोगों की मौत,हमलावर ढेर

**वाशिंगटन 07 मई, 2023।** अमेरिका में गोलीबारी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। ताजा घटना टेक्सास की है। यहां के डलास में एक व्यस्त मॉल एलन प्रीमियम आउटलेट्स मॉल के बाहर एक व्यक्ति ने अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। इस फायरिंग में 9 लोगों की मौत हो गई और करीब 7 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। इस सूचना के बाद पुलिस ने संदिग्ध को मार डाला। दूसरे संदिग्ध की तलाश की जा रही है। इसके बाद पूरा इलाका एक अराजक और दुखद दृश्य में बदल गया। एलन प्रीमियम आउटलेट्स मॉल में हुई इस गोलीबारी के बाद पुलिस ने मोर्चा संभाला। एलन पुलिस विभाग ने कहा कि, मॉल में सक्रिय जांच अभियान चलाए जाने के बाद कई सुरक्षा एजेंसियों की मदद से मॉल को सुरक्षित करने में मदद मिल गई है। अब कोई सक्रिय खतरा नहीं है। पुलिस ने बताया कि, गोलीबारी के बाद घायल 7 लोगों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मीडिया के अनुसार, एलन प्रीमियम आउटलेट डलास के उत्तर में लगभग 25 मील की दूरी पर एक आउटडोर मॉल है। इससे पहले, 3 मई को भी अटलांटा में चिकित्सा केंद्र की 11वीं मंजिल पर प्रतीक्षालय में एक बंदूकधारी की गोलीबारी के बाद एक की मौत हो गई थी।

# 12 साल बाद सीरिया की अरब लीग में वापसी,काहिरा में वोटिंग;19 मई को संगठन का शिखर सम्मेलन



**काहिरा,07 मई 2023।** अरब सरकार के प्रतिनिधियों ने रविवार को काहिरा में वोटिंग करके 12 साल के बाद सीरिया को अरब लीग में वापस लाने का फैसला किया। मिस्र की राजधानी में वोटिंग ऐसे समय में हुई है जब कुछ दिन पहले क्षेत्रीय शीर्ष राजनयिकों ने जॉर्डन में सीरिया को अरब लीग में वापस लाने के रोडमैप पर चर्चा की थी। सऊदी अरब 19 मई को आगामी अरब लीग शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा। संगठन ने यह जानकारी दी है।

संगठन में सीरिया की सदस्यता 12 साल पहले विद्रोह के संघर्ष में बदलने के बाद निलंबित कर दी गई थी। मार्च 2011 से संघर्ष में करीब पांच लाख लोग मारे जा चुके हैं और युद्ध से पहले की देश की 23 मिलियन आबादी का आधा हिस्सा विस्थापित किया जा चुका है।

वोटिंग में भाग लेने वाले 22 सदस्य देशों में से सभी 13 ने फैसले का समर्थन किया। अरब लीग आम तौर पर आम सहमति से समझौतों तक पहुंचने की कोशिश करता है लेकिन कभी-कभी आसान बहुमत का विकल्प चुनता है।

हालांकि, दमिश्क के साथ संबंधों को सामान्य करने को लेकर सभी अरब देशों में सहमति नहीं है। वोटिंग में कई देशों की सरकारें शामिल नहीं हुईं। इसमें कतर भी शामिल नहीं हुआ, जो सीरियाई राष्ट्रपति बशर अल असद की सरकार के खिलाफ विपक्षी समूहों को समर्थन देता है। कतर, दमिश्क के साथ संबंधों को सामान्य करने का विरोध करना जारी रखा हुआ है।

सीरिया की वापसी का फैसला संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव 2254 के अनुरूप संकट के राजनीतिक समाधान तक पहुंचने के लिए अरब सरकारों के साथ जारी संवाद के तहत भी लिया गया है। फैसले में अरब लीग ने सऊदी अरब और सीरिया के पड़ोसियों लेबनान, जॉर्डन और इराक को मिलाकर एक संचार समिति का भी गठन किया।

# क्या कामयाब होगी रोहिंग्या शरणार्थियों की घर वापसी की योजना? म्यांमार-बांग्लादेश की यह खास तैयारी

**यंगून , 07 मई 2023।** तकरीबन 20 रोहिंग्या शरणार्थियों ने शुक्रवार को म्यांमार के रखाइन प्रांत में अपने घरों का दौरा किया। यह बांग्लादेश से रोहिंग्या शरणार्थियों की घर वापसी कराने के नए प्रयास का हिस्सा था। म्यांमार और बांग्लादेश की सरकारों ने इन शरणार्थियों की घर वापसी के लिए एक योजना तैयार की है। कुछ मीडिया रिपोर्टों में बताया गया है कि इस सिलसिले में चीन भी परदे से पीछे से एक खास भूमिका निभा रहा है।

सात लाख से ज्यादा रोहिंग्या शरणार्थी 2017 में रखाइन प्रांत स्थित गांवों से विस्थापित हो गए थे। तब म्यांमार की सेना ने इस समुदाय के खिलाफ वहां दमनकारी नीति अपना रखी थी। विस्थापित हुए ज्यादातर शरणार्थियों को बांग्लादेश में पनाह मिली। उसके बाद शुक्रवार ऐसा पहला दिन बना, जब कुछ शरणार्थियों ने अपने गांव लौट कर वहां अपने घर-बाड़ की स्थिति देखी।



बांग्लादेश और म्यांमार के अधिकारियों ने शरणार्थियों की घर वापसी के शुरुआती कार्यक्रम (पायलट प्रोजेक्ट) को कुछ समय पहले मंजूरी दी थी। इसके तहत लगभग 1,100 शरणार्थियों को स्वेच्छा से अपने घर लौटने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। शुक्रवार को पहुंचे दल ने उन सुविधाओं को अपनी आंखों से देखा, जो शरणार्थियों को घर लौटाने योजना के तहत निर्मित की गई हैं। पायलट प्रोजेक्ट का मकसद शरणार्थियों में भरोसा पैदा करना है, ताकि वे रखाइन प्रांत लौटने की योजना बना सकें।

बांग्लादेश सरकार के एक प्रतिनिधि ने ढाका में मीडियाकर्मियों को बताया कि दोनों देश जून में बरसात का सीजन शुरू होने से पहले शरणार्थियों की वापसी शुरू करना चाहते हैं। इसके पहले दो बार शरणार्थियों को लौटाने की योजना फेल हो चुकी है। तब शरणार्थी रखाइन प्रांत वापस जाने को तैयर नहीं हुए थे। विश्लेषकों के मुताबिक नई योजना भी कामयाब होगी या नहीं, इस बारे में अभी कुछ कहना कठिन है।

लाखों शरणार्थियों की देखभाल करने के लिए बांग्लादेश को भारी आर्थिक बोझ उठाना पड़ा है। साथ ही इससे बांग्लादेश में कुछ सामाजिक समस्याएं भी पैदा हुई हैं। इसलिए वह जल्द से जल्द उनकी घर वापसी कराना चाहता है। जबकि अमेरिका और यूरोपीय देशों ने इस योजना को लेकर चिंता जताई है। उनकी राय है कि म्यांमार की सत्ता पर सेना का शिकंजा बना हुआ है। यह सूरत रोहिंग्या समुदाय के लिए सुरक्षित नहीं है।

इस बीच बांग्लादेश के अखबार द बिजनेस स्टैंडर्ड में छपी एक खास रिपोर्ट के मुताबिक बांग्लादेश और म्यांमार के बीच सहमति बनाने में चीन ने खास भूमिका निभाई है। अप्रैल के मध्य में उसने स्थिति पर दोनों पक्षों के बीच वार्ता कराने की पेशकश की थी। यह बैठक उसने चीन के यूनान प्रांत में कराने का प्रस्ताव रखा था। इस सिलसिले में ढाका स्थित चीनी राजदूत ने प्रधानमंत्री शेख हसीना वाजेद से भी मुलाकात की थी।

# अमेरिका के टेक्सास में शॉपिंग मॉल में गोलीबारी,कम से कम नौ की मौत,पुलिस ने हमलावर को मार गिराया

**वॉशिंगटन,07 मई 2023।** अमेरिका में गोलीबारी की घटनाओं में लगातार बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। ताजा घटना टेक्सास की है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, टेक्सास में एक शॉपिंग मॉल में गोलीबारी हुई है, जिसमें नौ लोगों की मौत हो गई और बच्चों समेत कई लोग घायल भी हुए हैं। अधिकारियों के हवाले से बताया गया है कि टेक्सास के एलेन में एलेन प्रीमियम आउटलेट्स मॉल में संदिग्ध हमलावर ने गोलीबारी की। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए संदिग्ध शूटर को मार गिराया।

एलेन पुलिस विभाग ने एक बयान में कहा कि टेक्सास में एलेन प्रीमियम आउटलेट्स मॉल में एक बंदूकधारी की गोलीबारी में कम से कम नौ लोग मारे गए। वहीं सात लोगों का अस्पताल में इलाज चल रहा है, जिसमें तीन की हालत गंभीर है। ट्विटर पर जारी बयान में कहा गया है कि मॉल में अब कोई खतरा नहीं है। एलेन पुलिस विभाग के अनुसार, अधिकारियों ने बंदूकधारी को मार गिराया है। एलेन पुलिस विभाग ने कहा कि कई सुरक्षा एजेंसियों की तत्वरित कार्रवाई ने बड़े खतरे को रोकने में मदद की। अब कोई खतरा नहीं है।



कॉलिन काउंटी के प्रमुख अधिकारी (शेरिफ) के कार्यालय ने गोलीबारी की घटना में सात लोगों के घायल होने की आशंका जताई है। एलेन पुलिस विभाग ने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर लोगों से क्षेत्र में जाने से बचने की सलाह दी है। शेरिफ कार्यालय के एक प्रवक्ता ने कहा कि मॉल में कुछ पीड़ित हैं। हालांकि, प्रवक्ता ने कहा कि फिलहाल उनकी स्थिति की जानकारी नहीं हैं।

अमेरिकी सांसद कीथ सेल्फ ने कहा कि पुलिस ने मौके पर स्थिति को काबू कर लिया है। उन्होंने आगे कहा कि एक शूटर मार गिराया है और रिपोर्ट के अनुसार कई हताहत हैं। एक ट्वीट में, कीथ सेल्फ ने कहा कि आज एलेन प्रीमियम आउटलेट्स में हुई गोलीबारी की दुखद खबर से हम परेशान हो गए हैं। हमारी प्रार्थना पीड़ितों और उनके परिवारों प्रति संवेदना है। उन्होंने आगे कहा कि यह एक विकट परिस्थिति है, लेकिन घटनास्थल पर स्थिति नियंत्रण है। एक शूटर समेत और कई लोग हताहत हुए हैं। पुलिस अधिकारी लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए लगातार काम कर रहे हैं। क्षेत्र की जनता को घरों में रहने के लिए कहा गया है।

## 10 मिनट तक भारतीय हवाई क्षेत्र में भटकता रहा पाकिस्तानी विमान; लाहौर में नहीं मिली थी लैंडिंग की अनुमति




**इस्लामाबाद ,07 मई 2023।** पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस (पीआईए) का एक विमान भारी बारिश के कारण लाहौर हवाई अड्डे पर लैंड करने में विफल रहा। इस वजह से वह करीब 10 मिनट तक भारतीय हवाई क्षेत्र में भटकता रहा। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट में रविवार को यह जानकारी दी गई।

%द न्यूज% की खबर के मुताबिक, चार मई को रात आठ बजे मस्कट से लौट पीआईए का पीके248 विमान भारी बारिश के कारण लाहौर के अल्लामा इकबाल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर लैंड करने में नाकाम रहा। इसमें कहा गया है कि पायलट ने हवाई अड्डे पर उतरने का प्रयास किया, लेकिन बोइंग 777 विमान अस्थिर हो गया और उतर नहीं सका।

अखबार ने कहा कि एयर ट्रैफिक कंट्रोलर के निर्देश पर पायलट ने गो-अराउंड एप्रोच शुरू किया, जिस दौरान वह भारी बारिश और कम ऊंचाई के कारण अपना रास्ता भटक गया। 292 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से 13,500 फुट की ऊंचाई पर उड़ान भरने वाला यह विमान बधाना पुलिस थाने से भारतीय हवाई क्षेत्र में दाखिल हुआ।

भारतीय पंजाब के तारन साहिब और रसूलपुर शहर से होकर 40 किलोमीटर की यात्रा करने के बाद विमान नौशहरा पन्नियां से वापस लौट आया। भारतीय हवाई क्षेत्र में उड़ान भरते समय कैप्टन विमान को 20,000 फीट की ऊंचाई तक ले गए और विमान ने सात मिनट तक भारतीय हवाई क्षेत्र में उड़ान भरी।

# पाकिस्तान में ईशनिंदा के आरोप में व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या,24 घंटे बाद भी FIR और गिरफ्तारी नहीं

**इस्लामाबाद , 07 मई 2023।** पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी (पीटीआई) की रैली में शुक्रवार को ईशनिंदा के आरोप में एक व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। इसके एक दिन बाद पुलिस ने दावा किया है कि शहर में स्थिति नियंत्रण में हैं। अधिकारियों ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पीटीआई पूर्व प्रधानमंत्री इमरान का राजनीतिक संगठन है।

मरदान के वरिष्ठ अधीक्षक रोखनजेब खान ने समाचार पत्र डॉन को बताया कि शनिवार की रात सावल धेर इलाके में पीटीआई की एक रैली में भीड़ द्वारा पीट-पीटकर हत्या की घटना हुई। खान ने कहा कि रैली समाप्त होने के बाद कथित तौर ईशनिंदा पूर्ण टिप्पणी की गई, जिसके बाद आक्रोशित भीड़ ने एक अधेड़ उम्र के व्यक्ति निगार आलम पर हमला कर दिया।

उन्होंने कहा, %जब हमने देखा कि (इलाके में) लोग गुस्से में हैं और निगार पर हमला करने की योजना बना रहे हैं, तो हम उसे बाजार में एक दुकान (जहां रैली आयोजित की जा रही थी) में ले गए। लेकिन लोग दुकान में घुस गए और उस पर मुक्कों, लातों से हमला करना शुरू कर दिया। उन्होंने यह भी कहा कि हमले के दौरान आलम की मौत हो गई।

अब तक कोई गिरफ्तारी नहीं- जिला पुलिस कार्यालय

जिला पुलिस कार्यालय (डीपीओ) के नजीबुर रहमान ने बताया कि पुलिस ने बाद में भीड़ को तितर-बितर किया और शव बरामद किया। उन्होंने कहा कि जांच जारी है और पुलिस ने घटनास्थल से सबूत जुटाना शुरू कर दिया है। %डॉन% की खबर के मुताबिक, रहमान ने कहा कि अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है और घटना की कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई है।



### ईशनिंदा कानूनों में बदलाव को लेकर पाकिस्तान पर दबाव

अंतरराष्ट्रीय और पाकिस्तानी अधिकार समूहों ने कहा कि ईशनिंदा के आरोपों का इस्तेमाल अक्सर धार्मिक अल्पसंख्यकों को डराने और निजी दुश्मनी के लिए किया जाता रहा है। पाकिस्तान की सरकार पर लंबे समय से देश के ईशनिंदा कानूनों को बदलने का दबाव रहा है, लेकिन देश की अन्य राजनीतिक ताकतों ने इसका कड़ा विरोध किया है।

### ननकाना साहिब में भी हुई थी इसी तरह की घटना

इससे पहले फरवरी में ननकाना साहिब में ईशनिंदा के आरोपी एक व्यक्ति को आक्रोशित भीड़ ने जबरदस्ती थाने से बाहर निकाला था और उसे यातना देकर मौत के घाट उतार दिया था। यह घटना वारबर्टन इलाके में हुई थी, जहां आरोपी मुस्लिम व्यक्ति को अपनी पूर्व पत्नी की तस्वीरों का इस्तेमाल ईशनिंदा और जादू-टोने के लिए करने के आरोप में हिरासत में लिया गया था। उस व्यक्ति पर कुरान के पन्नों को आग लगाने का भी आरोप लगाया गया था।

रिपोर्ट के अनुसार, दो साल जेल में बिताने के बाद उसे हाल ही में रिहा किया जाना था। भीड़ ने उस पुलिस स्टेशन पर हमला किया जहां आरोपी को एक हवालात में रखा गया था। इस दौरान पुलिस स्टेशन के एसएचओ और अन्य कानून प्रवर्तन कर्मचारी अपनी जान बचाने के लिए भाग गए। %द फ्राइडे टाइम्स% ने सूत्रों के हवाले से कहा कि भीड़ ने आरोपी को हवालात से बाहर खींच लिया, और उसे यातना देकर मार डाला और उसके शरीर को आग लगा दी।

## किंग चार्ल्स की हुई ताजपोशी, क्वीन कैमिला ने नहीं पहना कोहिनूर से जड़ा मुकुट

**लंदन 07 मई, 2023।** किंग चार्ल्स थ्री का ऐतिहासिक राज्याभिषेक हो गया है। वे अपनी पत्नी और क्वीन कैमिला के साथ वेस्टमिंस्टर एबे पहुंचे। यहां एक धार्मिक समारोह में यूनाइटेड किंगडम के राजा का ताज पहनाया गया। ये परंपरा लगभग एक हजार साल पुरानी है। समारोह में किंग चार्ल्स तृतीय (74 साल) की पत्नी कैमिला भी आधिकारिक रूप से %क्वीन कंसोर्ट' से %क्वीन' बन गईं। कैंटरबरी के आर्कबिशप ने राजा को 360 साल पुराना ताज पहनाया है।



राज्याभिषेक में देश-विदेश के 2 हजार मेहमानों को बुलाया गया है। भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ भी अपनी पत्नी डॉ. सुदेश धनखड़ के साथ लंदन पहुंचे। यहां उपराष्ट्रपति का बकिंघम पैलेस में आयोजित एक समारोह में स्वागत किया गया। इसके साथ ही उन्होंने लंदन में होने वाले राज्याभिषेक समारोह से पहले किंग चार्ल्स तृतीय से मुलाकात भी की है। इस मुलाकात को लेकर उपराष्ट्रपति के ट्विटर हैंडिल से जानकारी शेयर की गई है। किंग ने ब्रिटेन के लोगों पर %न्याय और दया' के साथ शासन करने और एक ऐसे वातावरण को बढ़ावा देने की शपथ ली, जहां सभी धर्मों और विश्वासों के लोग स्वतंत्र रूप से रह सकें। प्रिंस विलियम, कैथरीन व ड्यूक ऑफ ससेक्स प्रिंस हैरी वेस्टमिंस्टर एब्बे में किंग चार्ल्स के राज्याभिषेक समारोह में भाग ले रहे हैं।

# ब्रम्हांड के प्रथम संवाददाता महर्षि नारद मुनि का मना प्राकट्य उत्सव

» होटल रामसेतु में संघ के पदाधिकारियों ने पत्रकारों का किया सम्मान






- संवाददाता -
बैकुण्ठपुर,07 मई 2023
(घटती-घटना)।

रविवार 7 मार्च को शहर के होटल रामसेतु के प्रथम तल सभाकक्ष में महर्षि नारद का प्राकट्य उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया कार्यक्रम के सूत्रधार संघ के कार्यकर्ता रहे एवं जिले के पत्रकारगणों की उपस्थिति में महर्षि नारद के छाया चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन किया गया द्य

कार्यक्रम में महर्षि नारद पर अपने विचार व्यक्त करते हुए अमरदीप देवांगन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विभाग कार्यवाह ने कहा कि पत्रकारिता की शुरुआत उदंत मार्तंड से लेकर विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं का आधार है उनकी शैली। पत्रकारिता का मूल उद्देश्य है निष्पक्ष रूप से कार्य करते हुए जनसामान्य को विभिन्न कार्यों से अवगत कराना प्रशासन का ध्यानआकर्षण मूल बिंदुओं पर कराना। श्री नारद भी प्रथम संवाददाता के रूप में बखूबी इन कार्यों का निर्माण किया करते थे इसके पूर्व वे गंधर्व रहे जिन्हें अपने रूप पर गर्व था और शापित भी हुए शूद्र माता ने उनका उद्धार चाहा और ब्रह्मा जी ने उन्हें अपने पुत्र के रूप में स्वीकार कर लिया। प्रणव कुमार चक्रवर्ती सामाजिक कार्यकर्ता चिरमिरी ने कहा कि आज हम सब यहां इकट्ठे होकर महर्षि नारद जी को याद कर रहे हैं जो हमारे लिए गर्व का विषय है पत्रकार को उन्हें हमेशा याद करना कर्तव्य हो।ललित कुमार सामाजिक कार्यकर्ता चिरमिरी ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि बैकुंठपुर में यह मेरा पहला उद्बोधन है जो पत्रकारिता जगत के धुरंधरों के बीच है पत्रकारिता के प्रणेता महर्षि नारद जी रहे हैं उनके आदर्श अनुकरणीय है।

कार्यक्रम में शैलेंद्र शर्मा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि मैं आप सभी का अभिनंदन करता हूं और आशा करता हूं कि इसी तरह प्रत्येक वर्ष हम महर्षि नारद का जन्मोत्सव मनाएंगे। इसी तरह एस के रूप ने कहा कि देवर्षि नारद ब्रह्मांड के प्रथम संवाद का आदान प्रदान करने वाले संवाददाता रहे उन्होंने देव और दैत्यों से लेकर ऋषि मुनि श्रेष्ठ नरों आदि के बीच संवाद का आदान प्रदान किया। ब्रह्मा जी के पुत्र के रूप में भगवान हुए वे सत्य एवं न्याय प्रधान रहे पत्रकारिता में इन्हीं बंधुओं का समावेश होना जरूरी है पत्रकार निष्पक्ष हो और जनहित को प्रेरित होकर लेख करें।नीलेश तिवारी ने कहा कि नारद जयंती के अवसर पर आप हम सब पत्रकारगण यह संकल्प लें कि हम सदैव उन्हीं की राह पर चलते हुए श्रेष्ठ कार्यों का संपादन करेंगे।कार्यक्रम में कृष्णा सिंह बाबा ने कहा कि महर्षि नारद से हमें सीख मिलती है कि वर्तमान दौर में किस प्रकार सत्यता को उद्धृत किया जाए और विषम परिस्थितियों में निष्पक्ष पत्रकारिता किया जा सके। कार्यक्रम में कमलेश गुप्ता जिला सह कार्यवाह ने सभी का आभार व्यक्त किया उपस्थित सभी पत्रकार बंधुओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन जिला प्रचार प्रमुख शैलेंद्र शर्मा ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रणव चक्रवर्ती, ललितेश कुमार, अमरदीप देवांगन, नागेश नाथ योगी,शैलेंद्र शर्मा, कमलेश शर्मा, कृष्णा सिंह बाबा,सुरेश मिनोचा,कमालुद्दीन अंसारी, कमरून निशा, राजू खान सहित कई पत्रकारगण मौजूद रहे।

# श्रीराम कथा का अंतिम दिवस आज
# प्रेमाबाग के कथा पंडाल में उमड़े श्रद्धालु

» देवराहा बाबा सेवा समिति द्वारा भव्य आयोजन से भक्ति मय हुआ शहर

» श्रीराम कथा में उमड़े श्रद्धालु,रामनामी पुस्तक का हुआ विमोचन

» हवन भंडारे के साथ श्रीराम कथा का समापन सोमवार को









- संवाददाता -
बैकुण्ठपुर,07 मई 2023
(घटती-घटना)।

देवराहा बाबा सेवा समिति द्वारा प्रेमाबाग परिसर में चल रही श्रीराम कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है,कथावाचक रामस्वरूपाचार्य जी महराज द्वारा श्रद्धालुओं को राम की भक्ति रस पिलाई जा रही है, जिसमें श्रद्धालु भी भक्ति भाव से आनंद ले रहे हैं। कथा के दौरान समिति अध्यक्ष शैलेष शिवहरे एवं नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती नविता शिवहरे द्वारा रामनामी पुस्तक का वितरण भी श्रद्धालुओं के लिए वितरण शुरू किया गया जिसका विमोचन व्यासपीठ से महराज द्वारा किया गया। रामनामी पुस्तक में भक्तो द्वारा श्रीराम का नाम लिखकर समिति को जमा किया जायेगा।

श्रीराम कथा के पंडाल से छठवें दिन कथाव्यास से स्वामी रामस्वरूपाचार्य जी ने हनुमान जी के भजनों के साथ कथा प्रारंभ करते हुए कहा कि किसी भी विपत्ति को भगवान की भक्ति ही दूर कर सकती है। सहजता का जीवन धारण करने वाला ही भक्त है,जो सरल है सहज है वह सबको लेकर चलता है। वह सुमति के साथ जीवन में उच्च आदर्शों को प्राप्त करता है,संपत्ति अपने आप धैर्यवान के पास आ जाती है। उन्होंने कहा कि जीवन में सबसे ज्यादा भक्ति एकत्र करना चाहिए,उन्होंने भक्ति पर आधारित कथा सुनाते हुए कहा कि संत के दर्शन से ही जीवन धन्य होता है,संत चलते फिरते भगवान माने गए हैं। अचल भगवान मंदिर में हैं और सचल भगवान संत हैं। स्वामी रामस्वरूपाचार्य जी ने कहा कि यह कथा रामभक्ति की गंगा की धारा है और जो मैं बोल रहा हूं वह इसलिए क्योंकि मुख पर सरस्वती हैं। यहां विश्वास का अक्षय वट है और बैकुंठपुर में सकल प्रयाग है यही भक्ति का असल स्वरूप है। रामभक्ति से जो दूर है वह निष्प्राण है और उनमें प्राण नहीं है वे प्रण से चल रहे हैं। मुर्दे में अकड़न होती है,और यही चल रहा है। इस दौरान समिति अध्यक्ष शैलेष शिवहरे,बसंत राय, अनिल शर्मा,आशीष शुक्ला,धनेंद्र मिश्रा,सुशील शर्मा,सुभाष साहू,अमिताभ गुप्ता,अनुराग दुबे,जय बाजपेयी,शैलेंद्र शर्मा,डब्लू सिंह,राहुल मिश्रा, घनश्याम साहू,मनोज सोनी,मनोज गुप्ता,गीता नेमा, आयुष नामदेव,आनंद सिंह,मिंकू सोनी, रितिक शिवहरे,समीर जायसवाल,सुभाष सरपंच, संजय दुबे आदि समिति सदस्य और श्रीराम भक्त मौजूद थे।




# रेंज के कोरिया पुलिस ने चंद घंटो में हत्या के आरोपी को किया गिरफ्तार

- संवाददाता -
बैकुण्ठपुर,07 मई 2023
(घटती-घटना)।

आईजी सरगुजा रामगोपाल गर्ग के मार्गदर्शन, पुलिस अधीक्षक कोरिया त्रिलोक बंसल के निर्देशन एवं उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय बैकुण्ठपुर कविता ठाकुर के दिशा-निर्देश पर थाना प्रभारी पटना द्वारा दिनांक 06.05.2023 को प्रार्थी धनसाय सिंह पिता शिवनाथ सिंह, निवासी ग्राम मुरका ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि शिवमंगल के द्वारा लक्ष्मनिया पर चरित्र का शंका कर मारपीट किया था। जिस पर दिनांक 06.05.2023 को लक्ष्मनिया को शिवमंगल द्वारा चरित्र की शंका कर डण्डा से सिर मे मारकर हत्या कर दिया है।

उक्त मामले में रेंज आईजी राम गोपाल गर्ग के सतत मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक कोरिया त्रिलोक बंसल द्वारा टीम बनाकर आरोपी को चंद घंटे के भीतर कोरिया पुलिस ने गिरफ्तार करते हुए अपराध पंजीबद्ध कर दिनांक 07.04.2023 को न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल किया गया है। उक्त कार्यवाही में प्रशिक्षु डी.एस.पी. रविकांत सहारे, थाना प्रभारी उ.नि. अनिल साहू, प्र.आर. सत्येन्द्र तिवारी, आरक्षक विवेक तिवारी, अमल कुजूर, सम्मेलाल कोशले, शिवदयाल जगत, राधेश्याम पैकरा, रविशंकर राजवाडे एवं रामायण सिंह श्याम की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

## राष्ट्रीय जिला पंचायत एसोसिएशन के रेणुका सिंह को बनाया गया नेशनल कोर टीम का सदस्य



- संवाददाता -
बैकुण्ठपुर 07 मई 2023
(घटती-घटना)।

रेणुका सिंह अध्यक्ष जिला पंचायत कोरिया को भारत के राष्ट्रीय जिला पंचायत एसोसिएशन के नेशनल कोर टीम की सदस्य बनाया गया है। जिससे पूरे छत्तीसगढ़ में उनके प्रशंसकों में भारी उत्साह है और उनके प्रशंसक बधाई देने के लिए घर पहुंच रहे है। रेणुका सिंह ने बताया कि मुझे जो जिम्मेदारी दी गई है उसमे मैं पूरी सच्ची निष्ठा के साथ काम करने का प्रयास करूंगी और राष्ट्रीय जिला पंचायत आसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री कैलाश गोरे पाटिल जी और उनके टीम को आभार ज्ञापित दी। आप को बाता दे अभी रेणुका सिंह छत्तीसगढ़ के कोरिया जिला मे जिला पंचायत अध्यक्ष है।

जिला पंचायत अध्यक्ष ने बताया के मैं इस राष्ट्रीय जिला पंचायत आसोसिएशन के मध्यम से जिला पंचायत सदस्यों, जनपद पंचायत के अध्यक्षों, सदस्यों के लिए सम्मान पूर्ण मानदेय,पेंशन,सुरक्षा, क्षेत्र के विकास में निधि का आबंटन के साथ साथ विधायकों और सांसदों के समान ही निधि और अन्य मदो पर समान आबंटन अधिकार मिले। राष्ट्रीय जिला पंचायत आसोसिएशन के एक सूत्र में बंध जाने से जम्मू कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक एवं कटक से लेकर अटक तक जुड़कर जिला पंचायत अध्यक्षों के हक की लड़ाई लडेगे।

# सामाजिक सुरक्षा के दायित्व पर आईजी का विशेष ध्यान

» सरगुजा रेंज के जिला कोरिया पुलिस द्वारा शनिवार रात जिला मुख्यालय में कराया गया कॉम्बिंग गश्त






- संवाददाता -
बैकुण्ठपुर, 07 मई 2023
(घटती-घटना)।

सरगुजा संभाग के सभी जिले की पुलिसिंग को सुधारने का बीड़ा सरगुजा रेंज के आईजी ने उठा रखा है शिकायतों पर तत्काल संज्ञान लेते हैं और जिसकी शिकायत पर संज्ञान लिया है साथ ही शिकायतकर्ता को भी इस बात का भरोसा दिलाते हैं कि न्याय हो रहा है, इस समय सरगुजा रेंज के आईजी ठीक उसी तरह काम कर रहे हैं जैसे देश के सरहद पर देश की रक्षा के लिए जवान तैनात हैं ठीक उसी तरह समाज की सुरक्षा के लिए सरगुजा के आईजी राम गोपाल गर्ग भी पुलिस होने का कर्तव्य पूरी ईमानदारी से निभा रहे हैं और पूरा प्रयास कर रहे हैं कि संभाग के सभी जिले की पुलिस समाज सुरक्षा के लिए काम करें।

पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा राम गोपाल गर्ग के सतत मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक कोरिया त्रिलोक बंसल के निर्देश पर शनिवार की रात 11.00 बजे कांबिंग गश्त शुरू की नई पहल है। जिसमे शहर के कोरिया चौक, बाजारपारा, भवानी तिगड्डा, बस स्टैंड, स्कूलपारा एवं अन्य स्थानों पर पुलिस बल ने आने जाने वालों को रोककर चेकिंग की। इस दौरान कोरिया पुलिस ने हिदायत दिया कि अनावश्य बेवजह आधी रात को शहर में न घूमे। उक्त गश्त के दौरान बाइक, कार सहित अन्य वाहनों की जांच की गई साथ ही वाहन चालकों से पूरी डिटेल ली गई। पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल ने बताया कि शहर में शांति व्यवस्था बनाने एवं अपराध पर नकेल कसने शनिवार कि रात कॉम्बिग गश्त किया गया है और अनावश्यक घूम रहे लोगो से पूछताछ की गई है। उक्त गश्त में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक अश्वनी सिंह एवं थाना स्टाफ के साथ थाना प्रभारी अजाक उप निरीक्षक विवेक खलखो, प्रभारी रक्षित निरीक्षक रमेश पूरेना, सहायक उप निरीक्षक नैन साय बेक, बाबू लाल पैकरा, समृत मरावी सहित 40 स्टॉफ गश्त में मौजूद रहे।

# शादी में शामिल होकर लौट रहे बाइक सवार दो युवकों की सड़क हादसे में मौत







- संवाददाता -
अंबिकापुर,07 मई 2023
(घटती-घटना)।

सीतापुर थाना क्षेत्र के ग्राम के केरजू पुलिया के रेलिंग से अनियंत्रित बाइक की टक्कर हो गई। दुर्घटना में बाइक सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना शनिवार की देर रात 1.30 बजे की है। दोनों युवक पत्थलगांव के बेलदगी से शादी में शामिल होने ग्राम केरजू आए थे और रात को वापस लौट रहे थे।

जानकारी के अनुसार 22 वर्षीय विजय कुमार व सुमन कुमार जशपुर जिले के पत्थलगांव थाना क्षेत्र के ग्राम बेलदगी का रहने वाले थे। दोनों शनिवार को शादी में शामिल होने सीतापुर थाना क्षेत्र के ग्राम केरजू गए थे। शादी में शामिल होने के बाद रात करीब 1.30 बजे दोनों बाइक से वापस घर लौट रहे थे। रास्ते में केरजू पुलिया के पास बाइक अनियंत्रित हो गई और पुलिया के रेलिंग से टकरा गई। दुर्घटना इतना भीषण था कि दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। रात में ही घटना की जानकारी स्थानीय ग्रामीणों ने सीतापुर पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पीएम के लिए अस्पताल भिजवाया। रविवार की सुबह पीएम प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद पुलिस शव परिजनों को सौंप दिया है।

# शहर के सिटी डेंटल हॉस्पिटल में सीबीसीटी मशीन व इंट्रा ओरल स्कैनर का हुआ उद्घाटन

**» दांतों के जिस जांच के लिए खर्च करने पड़ते हैं ढाई से तीन हजार रुपए उसके लिए चुकानी होगी मात्र 05 सौ रुपए की फीस**

- संवाददाता -

कोरबा, 07 मई 2023 (घटती-घटना)।

कोरबा शहर के घंटाघर स्थित सिटी डेंटल हॉस्पिटल में अब हाईटेक सीबीसीटी मशीन से जबड़ों (दांतों) की थ्रीडी एक्स-रे होगी। जिसमें बारिक से बारिक समस्या के बारे में सटीक जानकारी मिल जाएगी। अब तक सीबीसीटी मशीन से जांच के लिए मरीजों को बिलासपुर या रायपुर जाना पड़ता था। जहां जांच के लिए ढाई से तीन हजार फीस लगता है लेकिन सिटी डेंटल हॉस्पिटल में उक्त जांच के लिए मात्र 5 सौ रुपए की फीस ली जाएगी। उक्त जानकारी सिटी डेंटल हॉस्पिटल में रविवार को सीबीसीटी मशीन व इंट्रा ओरल स्कैनर की सुविधा का उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे इंडियन डेंटल एसोसिएशन के प्रेसिडेंट डॉ. राजीव सिंह व सिटी डेंटल हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. सरफराज खान ने संयुक्त रूप से प्रेस वार्ता के दौरान दी। उन्होंने बताया कि सीबीसीटी मशीन महंगी होने के कारण अब तक इसकी सुविधा कोरबा में नहीं थी। सिटी डेंटल हॉस्पिटल में डिजिटल सिस्टम से सीबीसीटी मशीन व इंट्रा ओरल स्कैनर का लाभ कोरबा के निजी डेंटल क्लीनिक के साथ ही सरकारी अस्पतालों के डेंटिस्ट के पास उपचार कराने वाले मरीजों को भी मिलेगा क्योंकि एक तो दांत के मरीजों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है और दूसरा बिलासपुर-रायपुर के अलावा कही भी सीबीसीटी मशीन से जांच की सुविधा नहीं है। शहर में सुविधा शुरू होने से मरीजों को उन शहरों की दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी साथ ही कम फीस में ही जांच हो सकेगा। इससे मरीजों का समय के साथ ही खर्च भी बचेगा। सीबीसीटी मशीन से जबड़ों के फ्रैक्चर, रूट कैनाल समेत अन्य बारिकियां का पता चल सकेगा। जो उपचार व सर्जरी में बेहद मददगार साबित होगा। इंट्रा ओरल स्कैनर से दांतों के अंदर के रोग के अलावा दांतों की सेटिंग एवं दांतो का माप भी आसानी से लिया जा सकेगा। प्रेस वार्ता के दौरान डॉ. सनोबर खान भी उपस्थित थी।







### गुटखा-तंबाखू की वजह से बढ़ रहा दांतो का कैंसर

इंडियन डेंटल एसोसिएशन के प्रेसिडेंट डॉ. राजीव सिंह ने सीबीसीटी मशीन के बारे में विस्तार से बताया कि गुटखा व तंबाखू खाने की आदत के कारण दांतों (मुंह) में होने वाला कैंसर बढ़ रहा है। पहले लक्षण के आधार पर मरीजों को बायोप्सी जांच कराने के लिए कहा जाता था। लेकिन सीबीसीटी मशीन में चंद मिनट में जांच कर दांतों की जांच कर साफ तौर पर देखा जा सकेगा कि कैंसर है या नहीं। क्योंकि जबड़ों की स्थिति साफ दिखती है। कैंसर होने पर दांत व आसपास के हड्डी व मांस गल जाते हैं। इस तरह मुंह में कैंसर की शुरूआत होने पर मामूली खर्चे पर जांच से मरीज का समय पर उपचार संभव है।

### सीबीसीटी मशीन की खासियत

मशीन से जांच पर दांतों, हड्डियों और जबड़े की थ्रीडी स्कैनिंग होती है। इससे जबड़ा, दांत के साथ ही नाक और कान के पास का पूरा हिस्सा और चेहरों की अन्य नसों की सही जानकारी मिल जाती है।

### सीबीसीटी मशीन का यह लाभ

1.इलाज में हो जाएगी आसानी - सीबीसीटी मशीन द्वारा ट्यूमर, सिस्ट, माउथ कैंसर की जांच और पहचान में काफी मदद मिलेगी। साथ ही इनके इलाज में काफी आसानी होगी 2.थ्रीडी डायमेंशन से आसान हुई डायग्नोसिस - पहले रेडियोग्राफ टू-डायमेंशन होते थे, मगर अब थ्रीडी डायमेंशन तकनीक आने से डायग्नोसिस आसान हुई है। इसमें कोन बीम कंप्यूटेड टोमोग्राफी (सीबीसीटी) के जरिए व्यक्ति के दांतों की हर एंगल से जांच होती है। उसका हर पार्ट कंप्यूटर पर दिखाई देता है, जिससे जरूरत के हिसाब से उसके दांतों का शेप, कलर आदि तय किया जाता है। कई बार चोट लगने से दांत का रंग नीला या काला पड़ जाता है या फिर उसकी सफेदी चली जाती है। ऐसे में पहले रूट कैनाल ट्रीटमेंट और फिर इंटरनल ब्लीचिंग करते हैं, जिससे दांत ठीक हो जाता है।3. डेंटल इम्लांट प्लानिंग -सीबीसीटी मशीन का इस्तेमाल अक्सर डेंटल इम्प्लांट प्लानिंग के लिए किया जाता है। यह वायु कोशिय हड्डी और आसपास की संरचनों की विस्तृत छवियां प्रदान कर सकता है। जिसका उपयोग हड्डी की मात्रा को मापने और हड्डी की गुणवत्ता को मूल्यांकन करने के लिए किया जा सकता है। उदाहरण के लिए यह तय करने में सहायता करने के लिए कि कौन सा प्रत्यारोपण उपयोग करा है। 4.आर्थोडॉन्टिक ट्रीटमेंट प्लानिंग - सीबीसीटी मशीन का इस्तेमाल आर्थोडॉन्टिक ट्रीटमेंट प्लान के लिए किया जा सकता है। जैसे-ब्रेसेस या एलाइनर, दांतों एवं जबड़ों की विस्तृत छवियां प्रदान करने, इसका उपयोग रोगियों व सहकर्मियों को उपचार योजना एवं अनुमानित परिणामों को प्रदर्शित करने के लिए भी किया जाता है। उदाहरण के लिए 3डी मॉडल एवं सीबीसीटी स्कैन से उत्पन्न विडियो के माध्यम से।

## लोगों की सुरक्षा करने वाली पुलिस का परिवार ही असुरक्षित

- संवाददाता -

कोरबा,07 मई 2023 (घटती-घटना)।

शहर के सिटी कोतवाली परिसर में स्थित करीब 4 दशक पुरानी पुलिस कॉलोनी है। कॉलोनी के लगभग सभी मकान खस्ताहाल हो चुके हैं, लेकिन आवास की कमी के चलते जिला पुलिस विभाग ने सभी मकानों को कंडम घोषित करने की बजाय करीब 29 मकानों को उस दायरे में लाकर खाली कराया वहीं बाकी बचे 30 मकान अब भी पुलिस कर्मचारियों का परिवार निवासरत है द्व जो जान जोखिम में डालकर मजबूरी में रह रहे हैं। ऐसा नहीं है कि जिला पुलिस ने कॉलोनी को नए सिरे से तैयार करने का प्रयास नहीं किया। विभाग ने डीएमएफ से 13 करोड़ की लागत से 60 नए मकान की कॉलोनी तैयार करने का प्रस्ताव प्रशासन को भेजा पर प्रस्ताव को 02 साल हो गए लेकिन स्वीकृति नहीं मिली जिससे अब तक मकानों की मरम्मत नहीं हो पाई है द्व करीब डेढ़ साल पहले तत्कालीन कलेक्टर रानू साहू ने कोतवाली परिसर का निरीक्षण किया तो उन्होंने कॉलोनी के मकान का हाल देखकर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए थे। अधिकारियों से उन्होंने प्रस्ताव पर स्वीकृति होने से पूर्व कॉलोनी के मकानों के मरम्मत का निर्देश दिया था, लेकिन अब तक मरम्मत नहीं हो सका द्य तो क्या पुलिस कर्मचारी सुरक्षा ही प्रदान करेंगे उन्हें एवं उनके परिवारों को सुरक्षित रहने का हक नहीं ?



## प्रदर्शन के बीच अंदर फंसे मजदूरों से बालको प्रबंधन ने लिया 36 घंटे तक काम, 08 घँटे आराम इसके बाद पुनःकाम





- संवाददाता -

कोरबा,07 मई 2023 (घटती-घटना)।

बालको की वादाखिलाफी के विरोध में स्थानीय लोगों के प्रदर्शन का आज तिसरा दिन प्रदर्शन की वजह से भारत एल्युमिनियम कम्पनी बालको को नुकसान भी उठाना पड़ रहा है संयंत्र में ऐसे भी कई कर्मचारी श्रमिक हैं जो 32 घंटो में काम करके संयंत्र से बाहर आए और 08 घँटे बाद पुनः ड्यूटी पर चले गए द्व विश्वशनीय सूत्रों और इस दौर का सामना कर रहे हैं लोगों से जानकारी मिली कि शुक्रवार की दोपहर 02 बजे 1200 मेगा वॉट संयंत्र में मिल एरिया, ईएसपी सहित 540 मेगा वॉट, अल्युमिनियम प्लांट (पार्ट रूम) अन्य स्थानों पर ड्यूटी करने पहुंचे श्रमिक दूसरे दिन शनिवार 06 मई 2023 की रात 10 बजे बाहर आए और रातभर आराम करने के बाद रविवार सुबह 06 बजे पुनः ड्यूटी चले गए जिनकी छुट्टी दोपहर दो बजे होनी थी पर उनकी छुट्टी नही हुई थी अंदर फंसे मजदूरों से बालको प्रबंधन द्वारा नियम को ताक पर रखकर अधिक काम लिया जा रहा वहीं अधिक कार्य करने वालो को ओव्हर टाइम का नाम देते हुए अधिक मजदूरी दर दिया जायेगा इसलिए मजदूर भी लगातार काम कर रहे हैं इस संबंध में श्रमिक नेता का कहना है कि एक मजदूर से लगातार इतने घँटे काम कराना या श्रमिक स्यवं भी लगातार 32 घंटे चार शिफ्ट काम करना चाहे भी तो ये श्रम कानूनों के नियमानुसार गलत होगा द्व प्रदर्शन की वजह से संयंत्र में जरूरत से काफ़ी कम कर्मचारी श्रमिक अपने कार्य पर आ रहे हैं इस वजह से काम प्रभावित हो रहा है कर्मचारी एक बार पलांट अंदर आया तो फिर वह कितने बजे वापस घर जा पायेगा इसकी कोई गारंटी नही गारंटी इसलिए नही कि जब तक उस कर्मचारी का रिलीवर नही आता तब तक उसको अपनी सेवायें उसी स्थान पर देनी पड़ती है , इसलिए ये पता नही होता कि कर्मी कब घर पहुंचेंगे सूत्रों के अनुसार बालको प्रबंधन को इस बात की जानकारी है पर उन्हें तो किसी भी तरह संयंत्र चलाना है वहीं प्रदर्शन के तीसरे दिन संयंत्र में कर्मचारियों की अधिक कमी होने से 540 मेगावाट संयंत्र का काम काफी प्रभावित हुआ है बालको प्रबंधन और प्रदर्शनकारियों के बीच कोई रास्ता न निकल पाने की स्थिति में तीसरे दिन भी प्रदर्शन जारी है वहीं सूत्र बताते हैं कि आंदोलन को समाप्त करने बालको प्रबंधन और प्रदर्शनकारियों के बीच समझौता होने की संभावनाएं जताई जा रही है अब देखना होगा के बालको प्रबंधन दिए गए मांगों को क्या पूरा करेगी ?

## ईरफ के गौठान में नियमित हो रही गोबर की खरीदी, एक सप्ताह में हुई 730 किलो गोबर खरीदी



- संवाददाता -

कोरबा,07 मई 2023 (घटती-घटना)।

जनपद पंचायत पाली अंतर्गत ग्राम इरफ के गौठान में नियमित रूप से गोबर की खरीदी हो रही है। यहां एक सप्ताह के भीतर 730 किलो गोबर की खरीदी की गई है। वर्तमान में यहां 20 टांका निर्मित है, जिसमें गोबर भरा हुआ है। यहां निर्मित टांके में शेड भी है, जो टूटे-फूटे नहीं है। भरे हुए टांके की वजह से कुछ मात्रा में जो गोबर बाहर रखी गई है, उसे सुरक्षित रखा गया है और शीघ्र ही खाद छनाई कर टांका में भर दिया जाएगा। गौठान में समूह द्वारा शासन के नियमानुसार वर्मी कम्पोस्ट का निर्माण किया जा रहा है। गौठना में नियमित रूप से मवेशी आने की जानकारी नोडल अधिकारी द्वारा दी गई है। यहां पीने के पानी के लिए टंकी 3 नग, कोटना 2 नग, 3 नग चबूतरा और बीमार पशु के लिए 1 शेड तथा 1 कुएं का निर्माण भी किया गया है। गौठान में बिजली की व्यवस्था हेतु प्रक्रिया जारी है। ग्राम पंचायत द्वारा राशि 11020 रूपए जमा भी कर दी गई है। ग्राम पंचायत ईरफ के गौठान में 20 नग वर्मी टांका स्वीकृत है, जो एक माह में पूर्ण किया जाना है। यहां महिला समूह की महिलाओं को अब तक लाभांश दो लाख की राशि प्राप्त हुई है, जिससे उन्हें आर्थिक रूप से सक्षम होने में मदद मिली।

## गंभीर बीमारी से पीड़ित बिना खाए सिर्फ जूस और पानी के सहारे काट रही है एक 13 साल की बच्ची अपना जीवन मदद की दरकार



- संवाददाता -

सूरजपुर ,07 मई 2023 (घटती-घटना)।

आज के समय में हम एक दिन भी यदि कुछ ना खाएं तो कमजोरी लगने लगता है चक्कर आने लगता है लेकिन सूरजपुर जिले में एक ऐसा मामला सामने आया है जहां गंभीर बीमारी से जूझ रही एक 13 साल की बच्ची सिर्फ जूस पानी पीकर जीवन काट रही है,,उसको कुछ खाने का मन तो करता है लेकिन वो खा नही सकती क्योंकि उसका जबड़ा ही नही है,,अपना मुंह वो नही खोल सकती,,मुंह बस इतना खुलता है जिससे वो एक पतले पाइप के सहारे सिर्फ जूस पानी पी सकती है,,बच्ची मुंह नही खुलने के कारण कुछ बोल भी नही सकती है,,बच्ची के इस अवस्था में रहने के कारण उसका शरीर धीरे धीरे गलता जा रहा है,,गरीबी के कारण पिता चाह कर भी उसका ईलाज नही करवा पा रहा है,, मदत की गुहार लगाने के लिए कभी अधिकारी तो कभी नेताओ के पास जा रहा है लेकिन बच्ची के ईलाज के लिए पूरा खर्च इकट्ठा नही कर पा रहा है।

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ इस स्लोगन को लेकर सरकार कई योजनाएं बनाती है लेकिन सूरजपुर जिले के ग्राम दवना विकासखंड भैयाथान की एक 13 वर्षीय बेटी अपने जान की रक्षा के लिए शासन के तरफ देख रही है लेकिन इसके तरफ किसी का ध्यान नही जा रहा है।लड़की के पिता रामनरेश ने बात करते हुए बताया कि इस लड़की के जन्म के बाद इसकी ऐसी अवस्था देखकर इसकी मां हम सब को छोड़कर अपने मायके चली गई,बचपन से ही मैं इसको अकेले पाल रहा हूं।अभी तक कई अस्पतालों का चक्कर काट चुका हूं इसका ईलाज कराते कराते मेरी आर्थिक स्तिथि बहुत ज्यादा खराब हो गयी है।लोगो से मेरा निवेदन है की मेरी कुछ मदद करें जिससे मेरे बेटी का ईलाज हो सके।

## लाल ईट व रेत के अवैध कारोबार मामले में खनिज,राजस्व विभाग की बल्ले-बल्ले

**» अवैध रेत की पहुँच रही माहवारी तो ईंट छापेमारी की आड़ में कर रहे रंगदारी वसूली**

- संवाददाता -

कोरबा,07 मई 2023 (घटती-घटना)।

कोरबा जिले में अवैध खनिज के कारोबार में नही लग रहा लगाम । खनिज विभाग के लाख कोशिशों के बौजूद अवैध खनिज के कारोबार करने वाले कारोबारी हो रहे सफल द्य यदि संपूर्ण जिले की बात कही जाए तो थोड़ी बहुत सफलता खनिज विभाग को शहरी क्षेत्रों में रोकने में मिली होगी जैसा की विभाग के अधिकारियों द्वारा पिछले दिनों आंकड़ों के माध्यम से बताया गया था परंतु यदि जिले के शहरी क्षेत्रों के बाहर बात करें तो अवैध कारोबारी अब भी खुलेआम खनिज के अवैध कारोबार को अंजाम दे रहे है ऐसा मामला जिले के पाली ब्लाक अंतर्गत ग्राम पोड़ी के लब्दा, लीमघाट, मड़वामौहा, अमरैया व मुढाली सहित आसपास क्षेत्र में संचालित दो दर्जन से अधिक अवैध ईंट भट्ठों और रेत का परिचालन पर प्रतिबंध होने के बाउजूद भी खुलेआम रेत के उत्खनन व परिवहन मामले पर इन दिनों खनिज व राजस्व विभाग की जमकर बल्ले- बल्ले हो रही है। जहां पोड़ी के अधीन व आसपास उक्त स्थानों में सड़क के किनारे से लेकर जंगल के अंदरूनी इलाके तक इन भट्ठों की आग सुलग रही है, तो वहीं रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन को लेकर प्रतिबंध के बीच पोड़ी- लब्दा घाट, मुढाली मार्ग, सैला, ढुकुपथरा, मुनगाडीह स्थित नदियों से अवैध रेत खनन कर ऊंचे दाम पर बिक्री से शासन को लाखों का राजस्व हानि हो रहा है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार पाली ब्लाक मुख्यालय से 10 किलोमीटर के दायरे में आने वाले ग्रामो से होकर गुजरी नदियों से





रेत का अवैध उत्खनन व परिवहन के लिए वर्तमान तकरीबन 04 दर्जन ट्रेक्टर लगे हुए है। आप सोच रहे होंगे कि प्रतिबंध के बावजूद पाली क्षेत्र में बड़े पैमाने पर रेत का अवैध कारोबार आखिर कैसे हो रहा है, तो सूत्र बताते है कि रेत मामले में इतनी संख्या में ट्रैक्टर यूं ही नही लगी हुई है, बल्कि खनिज और राजस्व अमला द्वारा उक्त कार्य के लिए उन ट्रैक्टर मालिकों से अलग- अलग माहवारी बांधी गई है जिसके तहत रेत खनन व परिवहन का कार्य खुलेआम चल रहा है। जहां मकान निर्माण के लिए प्रतिबंध अवधि में रेत की कीमत तीन से साढ़े तीन हजार चुकानी पड़ रही है वहीं दूसरी ओर पोड़ी क्षेत्र में संचालित दो दर्जन से अधिक लाल ईंट के कारोबार पर भी छापेमार कार्रवाई कर जमकर रंगदारी वसूली संबंधित विभाग द्वारा की जा रही है। ऐसे में हर्रा लगे न फिटकरी... रंग चोखा की तर्ज पर राजस्व व खनिज विभाग की खूब बल्ले- बल्ले हो रही है। अवैध लाल ईंट के कारोबार से जहां लीज की जटिल प्रक्रिया पूरी कर व रायल्टी जमाकर संचालन की वैध अनुमति लेकर फ्लाई एश ईंट का व्यवसाय कर रहे लोगों को तगड़ा नुकसान हो रहा है साथ ही शासन को भी राजस्व की भारी क्षति हो रही है। लेकिन लाल ईंट व रेत के इस काले कारोबार पर नकेल कसने के बजाय संबंधित जिम्मेदार अधिकारी नोटों के चमक के आगे कुछ भी देखने को तैयार नहीं । बात करें खनिज विभाग की तो इनके पास अवैध लाल ईंट भट्ठों का सायद ही कोई रिकार्ड होगा । आश्चर्य की बात है कि शासन से मिले दायित्व का निर्वहन करने वाले खनिज और राजस्व विभाग के अधिकारियों को अवैध ईंट भट्ठे और रेत उत्खनन, परिवहन नजर नहीं आ रहें अगर यही हाल रहा तो गौण खनिज के अवैध कारोबार में संलिप्त लोगों को नहीं रोका गया तो एक दिन स्थिति तनावपूर्ण नजर आएगी तब के हालात को लेकर संबंधित नौकरशाह ही जिम्मेदार होंगे।

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांक 202304020700126**

विषयः-अ-27 मामले की श्रेणीः- राजस्व सन्-2022-2023

सुभाषनगर प.ह.न. 00017(219/9(0.690))

पक्षकारों का विवरण

आवेदक पक्षकार-मीना राय,अनिल राय,मु0जमुना राय,सुशील राय,ना बा मोनू राय,करूना राय

अनावेदक पक्षकार-सुशील राय,ना बा मोनू राय,अनिल राय,मु0जमुना राय, करूना राय,मीना राय

**-: ईश्तहार :-**

आवेदक अनिल राय आ0 स्व0 बिमल राय व अन्य,निवासी सुभाषनगर, भगवानपुर,अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा ग्राम सुभाषनगर तहसील अम्बिकापुर स्थित खसरा नंबर 219/9 रकबा 0.690 हे0 भूमि को बंटवारा किए जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है जो ई-नामांतरण पोर्टल से ई-कोर्ट को प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 29.05.2023 के पूर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 27-04-2023 को जारी किया जाता है।

सील

भूषण सिंह मंडावी
तहसीलदार
सरगुजा(अम्बिकापुर)

# चेन्नई सुपर किंग्स ने मुंबई इंडियंस को 6 विकेट से हराया

**चेन्नई,06 मई 2023।** गेंदबाजों के बाद बल्लेबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने इंडियन प्रीमियर लीग के 49वें मुकाबले में मुंबई इंडियंस को 6 विकेट से हरा दिया। इस मैच में मुंबई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 8 विकेट पर 139 रन बनाए, जवाब में चेन्नई ने 17.4 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 140 रन बनाकर मैच जीत लिया।



140 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी चेन्नई की टीम को रुतुराज गायकवाड़ और डेवोन कॉनवे ने तेज शुरुआत दिलाई और दोनों ने पहले विकेट के लिए 4 ओवर में 46 रन जोड़े। 5वें ओवर की पहली गेंद पर पीयूष चावला ने गायकवाड़ को आउट कर यह साझेदारी तोड़ी। गायकवाड़ ने 16 गेंदों में 4 चौके और 2 छक्के की बदौलत 30 रन बनाए।चावला ने 9वें ओवर में 81 के कुल स्कोर पर अजिंक्य रहाणे को एलबीडब्ल्यू कर चेन्नई को दूसरा झटका दिया। रहाणे ने 21 रन बनाए। अंबाती रायुडू कुछ खास नहीं कर सके और केवल 12 रन बनाकर ट्रिस्टन स्टब्स का शिकार बने। चेन्नई की टीम जब लक्ष्य से 10 रन दूर थी, तभी आकाश मधवाल ने कॉनवे को एलबीडब्ल्यू कर मुंबई को चौथी सफलता दिलाई। कॉनवे ने 42 गेंदों पर 4 चौकों की बदौलत 44 रन बनाए। इसके बाद कप्तान

## अपने घर में मुंबई से 13 साल बाद जीती चेन्नईःइंडियंस को 6 विकेट से हराया, दूसरे नंबर पर आई सीएसके; कॉन्वे ने खेली 44 रन की पारी

महेंन्द्र सिंह धोनी और शिवम दुबे ने कोई और नुकसान नहीं होने दिया और टीम को 17.4 ओवर में 6 विकेट से जीत दिला दी। धोनी ने अपनी टीम के लिए विजयी शॉट लगाया। शिवम दुबे 18 गेंदों में 3 छक्के की बदौलत 26 और धोनी 2 रन बनाकर नाबाद रहे। मुंबई की तरफ से पीयूष चावला ने 2, ट्रिस्टन स्टब्स और आकाश मंधवाल ने 1-1 विकेट लिया।

इससे पहले इस मुकाबले में मुंबई की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट पर 139 रन बनाए। मुंबई की तरफ से नेहल वडेरा ने सर्वाधिक 64 रहन बनाए। मैच में चेन्नई सुपर किंग्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। मुंबई की शुरुआत खराब रही और केवल 14 रनों के स्कोर पर कैमरन ग्रीन (06), ईशान किशन (06) और कप्तान रोहित शर्मा पवेलियन लौट गए। हालांकि इसके बाद नेहल वडेरा ने 64 रनों की शानदार अर्धशतकीय पारी खेल मुंबई को मैच में वापसी दिलाई। नेहल के अलावा सूर्यकुमार यादव ने 26 और ट्रिस्टन स्टब्स ने 20 रन बनाए। इन तीनों के अलावा मुंबई का कोई भी बल्लेबाज दहाई के अंक तक नहीं पहुंच सका। मुंबई की टीम ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 139 रन बनाए। मुंबई ने आखिरी 5 ओर में 46 रन बनाए और विकेट खोए। चेन्नई की तरफ से मथिशा पथिराना ने 3, दीपक चाहर और तुषार देशपांडे ने 2-2 व रवींद्र जडेजा ने 1 विकेट लिया।

# सात हजार रन महज एक उपलब्धि,कड़ी मेहनत जारी रखना चाहता हूंः विराट कोहली

**नई दिल्ली ,06 मई 2023।** विराट कोहली आईपीएल (इंडियन प्रीमियर लीग) इतिहास में 7000 रन बनाने वाले पहले खिलाड़ी बन गए, लेकिन इस सुपरस्टार बल्लेबाज के लिए यह उनके शानदार करियर की एक और उपलब्धि भर ही है.कोहली ने इस उपलब्धि को हासिल करने के बाद कहा कि वह विनम्रता के साथ कड़ी मेहनत करना जारी रखना चाहते हैं. कोहली ने यहां फिरोजशाह कोटला मैदान में सत्र का अपना छठा अर्धशतक लगाया. उनकी 46 गेंद में 55 रन की पारी से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ चार विकेट पर 181 रन बनाये.



इस मैदान से क्रिकेट की अपनी यात्रा शुरू करने वाले कोहली ने आईपीएल प्रसारकों से कहा कि मैं अपनी टीम के लिए जो करने की कोशिश कर रहा हूं उस यात्रा के दौरान 7000 रन सिर्फ एक और उपलब्धि है. जब आप अपनी टीम के लिए कुछ करने की कोशिश करते हैं तो यह एक अच्छा नंबर होता है. कोहली ने 2008 में आईपीएल की शुरुआत के बाद अपने 233वें मैच में यह उपलब्धि हासिल की. इस मैच से पहले उनके नाम 6,988 रन थे. कोहली ने कहा कि मैं विनम्रता के साथ कड़ी मेहनत जारी रखना चाहता हूं.

कोहली का परिवार और उनके बचपन के कोच राजकुमार शर्मा इस मैच को देखने के लिए स्टेडियम में मौजूद थे. उन्हें मैच से पहले अपने कोच के पैर छूते देखा गया. भारतीय टीम के इस पूर्व कप्तान ने कहा कि यह एक विशेष क्षण है.मेरा परिवार यहां है, मेरे कोच यहां हैं, क्रिकेट मेरे जीवन का एक हिस्सा है. मैं यहां अपने नाम पर एक पवेलियन पाकर सम्मानित महसूस कर रहा हूं. मैंने यहां अपनी यात्रा शुरू की और यहीं से दिल्ली के लिए खेलना शुरू किया. इस 34 साल के दायें हाथ के बल्लेबाज ने कहा कि मैंने इन उपलब्धियों के बारे में कभी नहीं सोचा था. मै इन सबके लिए आभार जताना चाहूंगा.



# आकाश और निशांत आईबीए पुरुष विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप के प्री क्वॉर्टर फाइनल में

**नई दिल्ली ,06 मई 2023।** भारत के आकाश सांगवान (67 किग्रा) और निशांत देव (71 किग्रा) ने यहां अपने मुकाबले जीतकर आईबीए पुरुष विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप के प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। आकाश ने शुरुआत से ही चीन के फू मिंग्के के खिलाफ दबदबा बनाया और 5-0 के सर्वसम्मत फैसले से जीत दर्ज की। मिंग्के के पास आकाश की तेजी का कोई जवाब नहीं था और भारतीय मुक्केबाज लगातार विरोधी मुक्केबाज के मुक्कों से बचने में सफल रहा। आकाश प्री क्वार्टर फाइनल में मंगलवार को कजाखस्तान के दुलात बेकबाओव से भिड़ेंगे। दूसरी तरफ मिडिलवेट वर्ग में निशांत ने दक्षिण कोरिया के ली सेंगमिन को बाहर का रास्ता दिखाया।

पिछले दौर में विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता अजरबेजान के सरखान अलियेव को पछाड़ने वाले निशांत ने अपनी तकनीकी दक्षता का नमूना पेश करते हुए सेंगमिन के खिलाफ 5-0 से जीत हासिल की। निशांत अगले दौर में मंगलवार को फलस्तीन के फोकाहा निदाल से भिड़ेंगे।

# रियाल मैड्रिड ने नौ साल बाद फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीता

**सेविले,06 मई 2023।** रोड्रिगो के दो गोल की मदद से रियाल मैड्रिड ने फाइनल में ओसासुना को 2-1 से हराकर नौ साल बाद कोपा डेल रे फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीता। रोड्रिगो ने ब्राजील के अपने साथी खिलाड़ी वीनीसीयस जूनियर के पास पर खेल के दूसरे मिनट में ही गोल करके रियाल मैड्रिड को बढ़त दिला दी थी।



ओससुना के लुकास टोरो ने 58वें मिनट में बराबरी का गोल दागा, लेकिन रोड्रिगो ने 70वें मिनट में रियाल मैड्रिड को आगे कर दिया। उनका यहगोल आखिर में निर्णायक साबित हुआ। रियाल मैड्रिड में इससे पहले 2014 में कोपा डेल रे का खिताब जीता था। वह अब चैंपियंस लीग के सेमीफाइनल में मंगलवार को मैनचेस्टर सिटी की मेजबानी करेगा।

# सबालेंका ने स्वियातेक को हराकर टूर्नामेंट का खिताब जीता

**मैड्रिड ,06 मई 2023।** दुनिया में शीर्ष रैंकिंग की दो खिलाड़ियों के बीच खेले गए फाइनल मुकाबले में आर्यना सबालेंका ने इगा स्वियातेक को हराकर मैड्रिड ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल का खिताब जीता। विश्व में दूसरी रैंकिंग की खिलाड़ी सबालेंका ने तीन सेट तक चले कड़े मुकाबले में शीर्ष रैंकिंग वाली स्वियातेक को 6-3, 3-6, 6-3 से पराजित किया।बेलारूस की खिलाड़ी सबालेंका दो सप्ताह पहले स्टुटगार्ट ओपन के फाइनल में हार गई थी और इससे पहले वह पोलैंड की अपनी प्रतिद्वंदी स्वियातेक के खिलाफ क्ले कोर्ट पर खेले गए तीन मुकाबलों में जीत दर्ज नहीं कर पाई थी। उन्होंने हालांकि यहां आक्रामक रवैया दिखाया तथा ढाई घंटे तक चले मैच में जीत दर्ज की। ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन सबालेंका का यह इस सत्र में तीसरा और करियर का पुल 13वां खिताब है।



# पथिराना को टेस्ट क्रिकेट से दूर रहना चाहिए

**चेन्नई,06 मई 2023।** चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने युवा तेज गेंदबाज मथीश पथिराना को श्रीलंका क्रिकेट के लिए शानदार कौशल करार देते हुए कहा कि उन्हें टेस्ट क्रिकेट से दूर रहना चाहिये।दिग्गज लसिथ मलिंगा की तरह एक्शन वाले 20 साल के इस गेंदबाज ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ चार ओवर में 15 रन देकर तीन विकेट झटके और मैन ऑफ द मैच चुने गये। धोनी ने मैच के बाद पुरस्कार समारोह में कहा कि 'स्लिंग' एक्शन वाले गेंदबाजों को चोटिल होने का खतरा अधिक रहता है। उन्होंने पाथिराना और श्रीलंकाई क्रिकेट प्रशासकों को उन्हें खेल के सभी प्रारूपों में खेलने के खिलाफ आगाह किया। धोनी ने कहा, '' जिन गेंदबाजों का एक्शन जटिल होता है बल्लेबाजों के लिए उसकी गेंदों को पढ़ना मुश्किल होता है। पथिराना की बात करें तो उसकी निरंतरता और तेजी उसे खास बनाती है।'' उन्होंने कहा, ''मुझे लगता है कि उसे टेस्ट क्रिकेट नहीं खेलना चाहिए, उसके बारे में सोचना भी नहीं चाहिये। वह केवल आईसीसी टूर्नामेंट ही खेल सकता है। वह युवा है और वह श्रीलंकाई क्रिकेट के लिए काफी अहम साबित होगा। पिछली बार वह यहां आया था तब काफी दुबला था लेकिन अब थोड़ा मजबूत हो गया है।''



धोनी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। उन्होंने हालांकि खुलासा किया कि वह पहले बल्लेबाजी करना चाहते थे, लेकिन टीम की बैठक में उनके मत से मेल खाने वालों की संख्या कम थी।

उन्होंने कहा, ''मैं टॉस के फैसले को लेकर पशोपेश में था, मैं पहले बल्लेबाजी करना चाहता था लेकिन टीम ने बारिश की संभावना को ध्यान में रखते हुए पहले गेंदबाजी का फैसला किया। अगर किसी तरह का भ्रम होता है तो हम बैठकर इसके बारे में बात करते हैं। मुझे लगा कि विकेट धीमा हो जाएगा और इसके पीछे यही कारण था, और अगर बारिश भी आती है तो मैच का अधिकांश हिस्सा हो चुका होता।




# अक्षय कुमार-टाइगर श्रॉफ की बड़े मियां छोटे मियां अगले साल ईद पर सिनेमाघरों में दस्तक देगी

टाइगर श्रॉफ और अक्षय कुमार मौजूदा वक्त में अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म बड़े मियां छोटे मियां को लेकर चर्चा में हैं। इसमें सोनाक्षी सिन्हा, मानुषी छिल्लर और पृथ्वीराज सुकुमारन भी अहम भूमिकाओं में हैं। अब टाइगर और अक्षय ने बड़े मियां छोटे मियां की शूटिंग पूरी कर ली है। अक्षय ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा कर इस खबर की पुष्टि की है। इसके साथ उन्होंने फिल्म की रिलीज तारीख से भी पर्दा उठा दिया है। बड़े मियां छोटे मियां अगले साल ईद पर दुनियाभर के सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इसके साथ ही, अक्षय ने फिल्म से जुड़े 3 पोस्टर साझा किए हैं, जिसमें वह टाइगर के साथ नजर आ रहे हैं। यह फिल्म सुल्तान और भारत के बाद अली अब्बास जफर की तीसरी ईद रिलीज होगी। बड़े मियां छोटे मियां का निर्माण वाशु भगनानी, जैकी भगनानी और दीपशिखा देशमुख ने किया है। फिल्म 1998 में आई बड़े मियां छोटे मियां का रीमेक नहीं है।

अक्षय कुमार की भले ही पिछली फिल्में फ्लॉप रही हों, लेकिन इससे उनकी लोकप्रियता में कोई कमी नहीं आई है। यही वजह है कि प्रशंसक उनकी आने वाली फिल्मों की राह भी बड़ी बेसब्री से देख रहे हैं।

# वामिका ने जुबली में जैज गाने के लिए रेखा और प्रियंका से ली प्रेरणा

अभिनेत्री वामिका गब्बी जुबली में नीलोफर कुरैशी नाम की अभिनेत्री की भूमिका निभा रहीं हैं। उन्होंने सीरीज के नंबर बाबूजी भोले भाले के लिए रेखा और प्रियंका चोपड़ा जोनस से प्रेरणा ली थी। जुबली एक पीरियड ड्रामा है। यह सीरीज 1940 और 1950 के दशक में हिंदी फिल्म उद्योग के सुनहरे दिनों पर आधारित है।

उन्होंने फिल्म के लिए बाबूजी भोले भाले गाने के साथ जैज में भी हाथ आजमाया।अभिनेत्री वामिका ने कहा, जैसा कि हमने फिल्मों में देखा है, एक पीरियड ड्रामा के लिए एक किरदार निभाना बेहद मुश्किल है क्योंकि हम लोगों का कैरिकेचर करते हैं। हालांकि, डांस सिक्वेंस अलग हैं, क्योंकि उनमें बहुत जटिल मूवमेंट और आंख और चेहरे के भाव होते हैं।

उन्होंने आगे कहा कि इसे सही करने के लिए मैंने रेखा जी, प्रियंका चोपड़ा, ऐश्वर्या राय बच्चन जैसी अभिनेत्रियों को फॉलो किया। और प्रसिद्ध अभिनेत्रियों के गीतों को बार-बार देखा ताकि जोशपूर्ण जैजी नंबर बाबूजी भोले भाले की तैयारी की जा सके।विक्रमादित्य मोटवान द्वारा अभिनीत सीरीज अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई है। सीरीज में अपारशक्ति खुराना, अदिति राव हैदरी, प्रोसेनजीत चटर्जी, सिद्धांत गुप्ता, नंदीश संधू और राम कपूर प्रमुख भूमिकाओं में हैं।



# पुष्पा 2 में हुई सलमान खान के विलेन की एंट्री,जगपति बाबू ने खुद किया कंफर्म

बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान की फिल्म किसी का भाई किसी की जान में अपनी दमदार मौजूदगी दर्ज कराने वाले तेलुगु एक्टर जगपति बाबू के हाथ एक और बड़ी फिल्म लगी है। इसका खुलासा खुद फिल्म स्टार जगपति बाबू ने हाल ही में एक इंटरव्यू में किया।

फिल्म स्टार जगपति बाबू ने बताया कि सलमान खान स्टारर फिल्म किसी का भाई किसी की जान के बाद वो जल्दी ही तेलुगु सुपरस्टार अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा 2 में नजर आएंगे। अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना स्टारर निर्देशक सुकुमार की फिल्म पुष्पा 2 में भी जगपति बाबू को एक दिलचस्प किरदार मिला है। वो फिल्म में एक बार फिर खूंखार विलेन का रोल करते दिखेंगे।

इसके बारे में बात करते हुए जगपति बाबू ने कहा, सुकु (सुकुमार) के साथ काम करना हमेशा ही एक्साइटिंग होता है। इसकी वजह ये है कि आपको पता ही नहीं चलता कि अब आगे क्या होने वाला है। पुष्पा 2 एक चैलेंजिग फिल्म है और मुझे चुनौतियां लेना बहुत पसंद है। सुकु ने हमेशा ही मुझे बेहतरीन और दिलचस्प किरदार दिए हैं। पुष्पा 2 भी मुझे काफी इंटरस्टिंग लगी।



जगपति बाबू ने बताया कि वो अल्लू अर्जुन के बड़े फैन हैं। फिल्म स्टार ने बताया कि पहली दफा उन्होंने अल्लू अर्जुन को एक जिम में हैवी वर्कआउट करते देखा था। जिसके बाद वो अल्लू अर्जुन के फैन बन गए थे। ये 20 साल पुरानी बात है। तब अल्लू अर्जुन बड़े स्टार नहीं थे। उस वक्त जगपति बाबू को भी नहीं पता था कि अल्लू अर्जुन कौन है। बाद में वो बड़े स्टार बन गए।

तेलुगु फिल्म स्टार हाल ही में बॉलीवुड सुपरस्टार की मचअवेटेड फिल्म किसी का भाई किसी की जान में नजर आए हैं। इस फिल्म में जगपति बाबू ने एक खतरनाक विलेन का किरदार निभाया है। जगपति बाबू साउथ के बड़े स्टार हैं। जो कई फिल्मों में साइड एक्टर और मेन विलेन के रोल में फैंस को दीवाना बना चुके हैं। पुष्पा 2 के बाद जगपति बाबू सुपरस्टार प्रभास की फिल्म सालार में भी नजर आएंगे। तो क्या आप फिल्म स्टार की इन फिल्मों को लेकर एक्साइटेड हैं। अपनी राय हमें कमेंट कर बता सकते हैं।

# बिरनपुर मामले में मृतकों के परिजन अब तक सरकारी सहायता से महरूम

## अब तक सरकार की ओर से बिरनपुर में मारे गए मुस्लिम समुदाय के पिता-पुत्र के परिजनों को कोई भी सहायता राशि नहीं दी गई...

**रायपुर,06 मई 2023(ए)।** बेमेतरा जिले के बिरनपुर गांव में मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया और एक युवक की हत्या हो गई थी। इसके बाद उपजे तनाव के दौरान मुस्लिम समुदाय के दो लोगों को जंगल में पीट-पीटकर मार डाला गया, अब तक उनके आश्रितों के लिए किसी राहत की घोषणा सरकार की तरफ से नहीं आई है, जिस पर सभी सवालिया निशान लगा रहे हैं।

बिरनपुर में हुई इन घटनाओं के बाद प्रारंभिक तौर पर लग रहा था कि तनाव कम होने के बाद सरकार मुआवजे के लिए पहल करेगी। इस बीच साहू परिवार के जिस नौजवान की मौत हुई उसके परिजनों को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 10 लाख रूपये देने की घोषणा की। इसके बाद प्रदेश में कई गंभीर सड़क दुर्घटनाएं भी हुईं। दो दिन पूर्व ही हुए एक सड़क हादसे में एक ही परिवार के 11 लोगों की मौत हो गई। मुख्यमंत्री ने इस हादसे पर अफ़सोस जताते हुए मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रूपये मुआवजे की घोषणा की, मगर आश्चर्य इस बात का है कि अब तक सरकार की ओर से बिरनपुर में मारे गए मुस्लिम समुदाय के पिता-पुत्र के परिजनों को अब तक कोई भी कोई भी सहायता राशि नहीं दी गई है।

### मुस्लिम समुदाय के तथाकथित रहनुमा भी मौन..!

सरकार द्वारा मुस्लिम अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए कुछ मंडल और आयोग बनाये गए हैं, जिनके पदाधिकारियों ने बिरनपुर में झांका तक नहीं है। और तो और समाज के इकलौते मंत्री मोहम्मद अकबर, इलाके के विधायक और कद्दावर मंत्री रविंद्र चौबे तथा प्रदेश के गृह मंत्री और साहू समाज के सबसे वरिष्ठ सत्तारूढ नेता ताम्रध्वज साहू भी इस गांव में नहीं पहुंचे हैं। आखिर इसकी वजह क्या है?

### पुलिस ने माना सांप्रदायिक घटना



बिरनपुर में पिता-पुत्र की हुई मौत को पुलिस ने सांप्रदायिक घटना मानते हुए विभिन्न धाराओं के तहत आरोपियों को गिरफ्तार भी किया है। देश में अमूमन सांप्रदायिक घटनाओं के प्रभावितों को तत्काल राहत राशि की घोषणा की जाती है। बिरनपुर में ऐसा हुआ भी, मगर केवल एक पक्ष के साथ। पूर्व में जब इस संबंध में कलेक्टर से मुस्लिम समाज के लोगों द्वारा जानकारी चाही गई थी, तब उन्होंने बताया था कि मुआवजे के संबंध में प्रकरण तैयार करके शासन को भेज दिया गया है। मगर आश्चर्य है कि अब तक सरकार की ओर से कोई भी मुआवजा राशि स्वीकृत नहीं हुई है।

### परिजनों का अब लिया गया बयान

बताते चलें कि मृत पिता-पुत्र ही अपने परिवार में अकेले कमाने वाले थे। अब परिवार में दोनों की बेवाएं रह गई हैं। अब तक हम परिजनों को मुआवजे की बात कर रहे थे, सच तो ये है कि अभी तक मृतकों के परिजनों का बयान तक नहीं लिया गया था। मुस्लिम समुदाय के चंद समाज सेवकों के बार-बार के प्रयासों के बाद कल शनिवार को परिजनों को बयान देने के लिए बुलाया गया। जिसके बाद ये सभी साजा थाने में पहुंचे थे जहां पुलिस ने इनका बयान लिया।

### समाज की ओर से सहयोग का दौर जारी

सरकारी मदद से इतर मुस्लिम समाज की ओर से बिरनपुर के प्रभावितों, जिनमें मृत पिता-पुत्र के परिजनों के अलावा जिनके मकान जला दिए गए और तोड़फोड़ के चलते जिनकी संपत्तियों को नुकसान हुआ है, उन सभी को आर्थिक सहयोग किया जा रहा है। शुरुआत में छत्तीसगढ़ जकात फाउंडेशन और कुछ संगठनों की ओर से इन्हें 3 लाख रूपये की दी गई। इसके बाद प्रदेश मुस्लिम समाज कल्याण सोसायटी द्वारा समाज से एकत्र 2 लाख रूपये की सहयोग राशि दी गई। इस बीच बस्तर संभाग के मुस्लिम समाज ने 5 लाख रूपये प्रभावितों को दिए। इस तरह अब तक 10 लाख रूपये की सहयोग राशि मुस्लिम समुदाय की ओर से दी जा चुकी है, मगर अब तक बिरनपुर के मुस्लिम समुदाय के सभी प्रभावित सरकार के मरहम महरूम हैं। आखिर क्यों..?

# होटल व्यवसायी,आबकारी अधिकारी और शराब कारोबारियों को ईडी ने बुलाया

## पीएमएलए जांच से पता चला है कि अनवर ढेबर के नेतृत्व में एक संगठित आपराधिक सिंडिकेट छत्तीसगढ़ राज्य में काम कर रहा था...




**रायपुर,06 मई 2023(ए)।** ईडी जांच से जुड़ी बड़ी खबर सामने आ रही है. मिली जानकारी के अनुसार केंद्रीय एजेंसी ने शराब घोटाले मामले में रायपुर के कई होटल व्यवसायी, आबकारी विभाग के वरिष्ठ अधिकारी सहित और शराब कारोबारियों को पूछताछ के लिए समन जारी किया है.

बता दें कि दिल्ली में हुए शराब घोटाले के बाद छत्तीसगढ़ में भी एक शराब घोटाला सामने आया है. कथित तौर पर इस घोटाले को छत्तीसगढ़ के शीर्ष राजनेताओं और नौकरशाहों की मदद से संचालित किया जा रहा था. प्रवर्तन निदेशालय ने कांग्रेस शासित राज्य में इस 2000 करोड़ रुपये के शराब घोटाले का भंडाफोड़ किया है. ईडी ने इस मामले में मुख्य आरोपी अनवर ढेबर को शनिवार को ही गिरफ्तार कर लिया था जिसे चार दिनों के लिए ईडी की हिरासत में भेज दिया गया है.

ईडी ने इससे पहले मार्च के महीने में कई स्थानों पर तलाशी ली थी और कथित घोटाले में शामिल कई लोगों के बयान दर्ज किए थे. एजेंसी का दावा है कि उसने 2019 - 2022 के बीच 2000 करोड़ रुपये के बड़े भ्रष्टाचार और मनी लॉन्ड्रिंग के सबूत एकत्र किए हैं. ईडी ने बयान जारी कर कहा, पीएमएलए जांच से पता चला है कि अनवर ढेबर के नेतृत्व में एक संगठित आपराधिक सिंडिकेट छत्तीसगढ़ राज्य में काम कर रहा था. अनवर ढेबर को एक शख्स के अलावा राज्य के शीर्ष राजनेताओं और वरिष्ठ नौकरशाहों का वरदहस्त प्राप्त था.

### अनवर ढेबर पर लगे आरोप को मेयर एजाज ढेबर ने बताया निराधार

महापौर एजाज ढेबर को एक बार फिर पूछताछ के लिए ईडी ने तलब किया है. इसी कड़ी में ईडी पूछताछ से पहले महापौर ने प्रेसवार्ता की. ईडी कार्रवाई के खिलाफ महापौर ने कहा कि ईडी के अधिकारी दबाव पूर्वक कार्रवाई कर रहें है. एजाज ढेबर ने कहा कि कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को परेशान करने की कोशिश की जा रही है. मेरे भाई पर 2 हजार करोड़ से अधिक का घोटाला का आरोप लगाया है, लेकिन इसे साबित कैसे किया जाएगा. भाजपा के राज में भ्रष्टाचार का गढ़ बना हुआ था. आखिर उन पर कार्रवाई क्यों नही की जाती है.

ढेबर ने कहा कि रायपुर नगर निगम महापौर होने के नाते ईडी अधिकारियों को चिट्ठी लिखी है. मुझे 10-10 घंटे पूछताछ के नाम पर बैठाया जाता है. हमारे निगम का काम प्रभावित हो रहा है. हम पूछताछ के लिए पूरा सहयोग कर रहे हैं, लेकिन राजनैतिक द्वेष से ऐसा कृत्य करना गलत है. ढेबर ने कहा कि मेरे भाई अनवर के यहां 2,200 करोड़ की संपत्ति मिलने की बात कह रहे है. कोर्ट में साबित नही कर पा रहे हैं. सिर्फ परेशान किया जा रहा है. भाजपा में शामिल होने के बाद सारे मामले शांत हो जाते हैं.

वहीं एजाज ढेबर ने कहा कि कर्नाटक चुनाव में घर-घर जाकर लोगों को परेशान किया जा रहा है. इस काम का हम विरोध करते रहेंगे. बता दें कि एजाज ढेबर के भाई की एक निजी होटल से शनिवार को गिरफ्तारी हुई है, जो 4 दिन की रिमांड पर है.

### होटल कारोबारी को भेजा 4 दिन की रिमांड पर, वकील ने गिरफ्तारी को दिया अवैध करार

ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में होटल कारोबारी अनवर ढेबर को गिरफ्तार कर उन्हे आज स्पेशल कोर्ट में पेश किया था। ईडी ने पूछताछ के लिए कोर्ट से 7 दिन की रिमांड मांगी थी, लेकिन न्यायाधीश अजय सिंह राजपूत ने 4 दिन की रिमांड पर भेजा है। बता दें कि अनवर ढेबर को वीआईपी रोड स्थित होटल ग्रैंड इम्पेरिया परिसर से गिरफ्तार किया गया था। वहीं ईडी ने होटल ग्रैंड इम्पीरियल पहुँच कर उनके जीएम शंकर और वहां के एक कर्मचारी प्रधान से भी पूछताछ की। ईडी अपने साथ शंकर और प्रधान को भी ले गई थी।अनवर के वकील उनकी गिरफ्तारी को अवैध करार दिया है। यह बताया गया कि उनके खिलाफ आईटी के प्रकरण पर दिल्ली की तीस हजारी के सेशन कोर्ट ने निचली कोर्ट के फैसले पर रोक लगाई है।इसके अलावा अनवर ढेबर ने ईडी के समन के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। याचिका स्वीकृत भी हो गई है। इस पर संभवत~ अगले हफ्ते सुनवाई होगी। इससे पहले ही गिरफ्तारी अनुचित है।




# व्यापम ने दी बड़ी राहत

**» अब अलग-अलग प्रवेश व भर्ती परीक्षाओं के लिए बार-बार नहीं भरना होगा व्यक्तिगत विवरण**

**रायपुर, 06 मई 2023(ए)।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल ने अभ्यर्थियों को बड़ी सुविधा प्रदान कर हात दी है। अब तक के अभ्यर्थी व्यापम के प्रवेश परीक्षाओं में या भर्ती परीक्षा में शामिल होने के लिए हर बार अलग-अलगअपना व्यक्तिगत विवरण भरते थे।

अगर दस्तावेजों में कोई गलती होती थी अभ्यर्थियों के या तो फॉर्म रिजेक्ट हो जाते थे या दस्तावेजों के सत्यापन में दिक्कत आती थी। जिससे राहत प्रदान करने के लिए व्यापम ने प्रवेश एवं भर्ती परीक्षा हेतु प्रोफाइल पंजीकरण सुविधा शुरू की है।


एक ही अभ्यर्थी कई प्रवेश परीक्षाओं या भर्ती परीक्षाओं हेतु अलग-अलग आवेदन करते हैं। और हर बार उन्हें परीक्षा फार्म में अपने ना, माता-पिता के नाम, जन्म तिथि शैक्षणिक योग्यता, पता समेत व्यक्तिगत विवरण भरना होता है। जिसमें त्रुटि होने के चलते काफी असुविधा का सामना करना पड़ता है।

अभ्यर्थियों को राहत प्रदान करते हुए व्यवसायिक परीक्षा मंडल द्वारा यूपीएससी की तर्ज पर प्रोफाइल पंजीकरण सुविधा शुरू की गई है। व्यापम द्वारा निकट भविष्य में विभिन्न प्रवेश व भर्ती परीक्षाएं आयोजित की जानी है। व्यापम ने प्रोफाइल पंजीकरण की सुविधा अपने पोर्टल में शुरू की है। एक बार व्यापम के पोर्टल में प्रोफाइल रजिस्ट्रेशन अर्थात पंजीकरण करने के बाद परीक्षा विशेष के लिए आवेदन करने हेतु आवेदक को बार-बार व्यक्तिगत जानकारी नहीं भरनी होगी। यह जानकारी उनके प्रोफाइल पंजीयन से स्वयमेव आ जाएगी। जिसके चलते त्रुटि की संभावना भी कम रहेगी।

अब अभ्यर्थियों को व्यापम द्वारा आयोजित की जाने वाली परीक्षाओं में आवेदन पत्र भरने के पूर्व व्यापम के पोर्टल में प्रोफाइल पंजीकरण करना अनिवार्य कर दिया गया है। प्रोफाइल पंजीकरण सिर्फ एक बार होगा तथा उस प्रोफाइल पर लॉग इन कर अभ्यर्थी व्यापम द्वारा आयोजित परीक्षाओं के लिए आवेदन कर सकेगा। अभ्यर्थी व्यापम. सीजी स्टेट.जी ओ व्ही.आई एन पर पंजीकरण कर सकते हैं।

अभ्यर्थियों को व्यापम की साइट में प्रोफाइल पंजीकरण बड़ी सावधानी से करना होगा। क्योंकि एक बार इसमें भूलवश कोई त्रुटि होगी तब उसमें सुधार सिर्फ व्यापम में स्वयं उपस्थित होने पर फिर किया जाएगा। जिसके लिए व्यापम शुल्क भी लेगा।

# 15 वीं फैंकफर्ट इनवेस्टमेंट आर्बिट्रेशन मूट कोर्ट के लिए चयनित हुईं ऋषिका



**» बस्तर संभाग की पहली छात्रा**

**» अगले माह जर्मनी के फैंकफर्ट में होने वाले 15 वीं प्रतियोगिता में होंगी शामिल**

-दीपक मिश्रा-

**कांकेर,06 मई 2023(ए)।** फैंकफर्ट इन्वेस्टमेंट आर्बिट्रेशन मूट कोर्ट निवेश संरक्षण कानून के क्षेत्र में सबसे पुरानी और सबसे प्रतिष्ठित छात्र प्रतियोगिता है।

इसके माध्यम से कानूनी इतिहास और आधुनिक अंतर्राष्ट्रीय कानून को बढ़ावा देने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कार्यक्रम चलाए जाते हैं जो हर वर्ष मार्च अप्रैल के मध्य में होता है।

इसमें छत्तीसगढ़ से ऋषिका ठाकुर,दियांक दीवान, स्वधा चंद्रा, राघव खेड़ा चयनित हुए हैं अब ये सभी अगले माह जर्मनी में होने वाले 15 वीं प्रतियोगिता का हिस्सा बनेंगे।

दियांक दीवान और राघव खेड़ा दिल्ली से तो स्वधा चन्द्रा पटना के रहने वाले हैं फिलहाल ये सभी नेशनल लॉ इंस्टीट्यूट भोपाल में अध्ययनरत हैं।

ऋषिका ठाकुर के पिता प्रफुल्ल ठाकुर जी मुख्यमंत्री सुरक्षा में पुलिस अधीक्षक है वैसे भी इनका परिवार प्रशासनिक रूप से छत्तीसगढ़ मध्यप्रदेश में अपनी अलग पहचान रखता है इनके बड़े पिता जी बीबीएस ठाकुर भी मध्यप्रदेश पुलिस में एडीजी रह चुके हैं इनकी बुआ डॉ. रश्मि ठाकुर महाविद्यालय में प्राचार्य, प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष बीरेश ठाकुर, बीएसपी में अधिकारी राकेश ठाकुर चाचा, विजय ठाकुर डीएसपी छत्तीसगढ़ पुलिस हेमंत ध्रुव जिला पंचायत अध्यक्ष कांकेर डिप्टी कलेक्टर कृतिका ठाकुर बड़ी लंबी सूची है परिवार की बिटिया ऋषिका की इस उपलब्धि से कांकेर जिले के तमाम लोगों में खुशी है सभी बधाइयां देने में लगे हैं

### जानिए क्या है

फैंकफर्ट इनवेस्टमेंट आर्बिट्रेशन मूट कोर्ट इस मायने में अनूठा है कि यह अंतरराष्ट्रीय कानून और अंतरराष्ट्रीय व्यापार के इतिहास के साथ निवेश संरक्षण के कानून को जोड़ती है, जो अंतरराष्ट्रीय कानून के सबसे आधुनिक और सबसे तेजी से विकसित क्षेत्रों में से एक है। प्रत्येक वर्ष, छात्रों को प्रदान की जाने वाली केस स्टडी वास्तविक जीवन, ऐतिहासिक घटनाओं पर आधारित होती है

### अंतरराष्ट्रीय समुदाय द्वारा समर्थन

प्रत्येक वर्ष आईसीजे न्यायाधीशों सहित अंतरराष्ट्रीय कानून के प्रख्यात विशेषज्ञ फैंकफर्ट इन्वेस्टमेंट आर्बिट्रेशन मूट कोर्ट के फाइनल की अध्यक्षता करते हैं।

# 08 मई तक ही सरकारी कर्मचारी कर पाएंगे पुरानी पेंशन और एनपीएस विकल्प चयन

**रायपुर,06 मई 2023 (ए)।** अगर आप भी सरकारी कर्मचारी है तो यह खबर आप ही के काम की है। दरअसल राज्य शासन के शासकीय कर्मचारियों को एन.पी.एस. अथवा ओ.पी.एस. पेंशन स्कीम का चयन के लिए विकल्प प्रस्तुत करने हेतु अंतिम अवसर प्रदान की गई है। शासकीय सेवक 08 मई 2023 को विकल्प प्रस्तुत कर सकते हैं।

उक्त निर्धारित अवधि में संबंधित शासकीय सेवकों द्वारा एन.पी.एस. अथवा ओ.पी.एस. के चयन के विकल्प प्रस्तुत नहीं किया जाता है तो भविष्य में किसी प्रकार का विकल्प चयन करने का अन्य अवसर नहीं दिया जाएगा। इस स्थिति में संबंधित शासकीय सेवकों को एन.पी.एस. मान्य कर कार्यवाही की जावेगी। सभी आहरण संवितरण अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि अपने अधीनस्थ शासकीय सेवकों को एन.पी.एस. अथवा ओ.पी.एस. विकल्प भरवा कर कार्मिक संपदा में अपलोड करने की प्रक्रिया समय अवधि में पूर्ण कराना सुनिश्चित करे।




कल है अंतिम दिनज. अगर अभी तक नहीं किया चुनाव तो जल्दी करें, कल से एनपीएस होगा लागू

राज्य सरकार की पुरानी पेंशन योजना का विकल्प अब तक 97 प्रतिशत सरकारी कर्मचारियों ने चुना है। नई पेंशन (एनपीएस) और पुरानी पेंशन (ओपीएस) में किसी एक का चुनाव करने के लिए आखिरी मौका कल 8 मई 2023 तक ही है।

अगर सोमवार तक एनपीएस व ओपीएस में किसी एक का चुनाव नहीं किया तो संबंधित कर्मचारी की सहमति स्वयमेव एनपीएस के लिए मान ली जाएगी।

राज्य शासन ने 2004 के बाद नियुक्त सरकारी सेवकों के लिए पुरानी पेंशन योजना लागू करने का निर्णय लिया है। शासन ने सरकारी सेवकों को एनपीएस और ओपीएस में से किसी एक का चयन करने के लिए विकल्प भरने का समय पांच मार्च 2023 तक दिया गया था। बाद में इस समय अवधि को आठ मई तक के लिए बढ़ाया गया था। अधिकारियों की मानें तो अब विकल्प चयन करने का अन्य अवसर नहीं दिया जाएगा।

# अरनपुर नक्सली हमले में बड़ी करवाई

**» 3 नाबालिग सहित 7 नक्सली गिरफ्तार**

**दंतेवाड़ा,06 मई 2023 (ए)।** 26 अप्रैल को दंतेवाड़ा के अरनपुर नक्सली हमले में आज पुलिस ने बड़ी करवाई कर 7 नक्सलियों को गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा है कि गिरफ्तार नक्सलियों में 3 नाबालिग भी शामिल हैं। बता दें कि दंतेवाड़ा के अरनपुर में नक्सली हमले में 10 जवान शहीद हो गए थे। साथ ही एक ड्राइवर भी शहीद हो गया था। घटना के दिन अरनपुर के आगे पेडका चौक के पास माओवादियों ने पुलिस वाहन को आईईडी ब्लास्ट कर क्षतिग्रस्त किया था। अपराध पर थाना अरनपुर में धारा 147,148,149,307,302, 427, 120 (बी), 25,27 आर्म्स एक्ट, 4, 5 विपअधि0, 13(1), 38(2), 39(2) वि0वि0क्रि0नि0अधि0, धारा 8 (1), (3), (5) छ0ग0 विशेष जन सुरक्षा अधिनियम के तहत पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



### इन आरोपियों को किया गिरफ्तार

1. बुधरा माड़वी पिता सन्नू माड़वी, निवासी पेड़का
2. जितेन्द्र मुचाकी पिता बोदा राम मुचाकी, निवासी तनेली
3. हिड़मा मड़काम पिता सोना मड़काम निवासी पेड़का
4. हिड़मा माड़वी पिता स्व गुड्डी निवासी पेड़का

चारों आरोपी प्रतिबंधित सीपीआई माओवादी संगठन के दरभा डिवीजन के मलांगिर एरिया कमेटी के मिलिशिया सदस्य के रूप में सक्रिय थे। इसके अतिरिक्त 03 नाबालिग का भी उक्त घटना में सम्मिलित पाये जाने पर उन्हें रिमाण्ड पर बाल सुधार गृह भेजा गया। पुलिस अधीक्षक दन्तेवाड़ा,सिद्धार्थ तिवारी ने बताया कि घटना के संबंध में की गई पूछताछ पर कई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई, जिसको लेकर विवेचना में अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।


पुलिस अधीक्षक दन्तेवाड़ा के अनुसार प्रकरण के विवेचना की अग्रिम कार्यवाही को ध्यान में रखते हुये, आरोपियों द्वारा की गई खुलासा तथा प्रकरण की विवेचना की प्रगति के संबंध में आगामी कुछ दिनों पश्चात् ही सार्वजनिक की जावेगी, ताकि प्रकरण की विवेचना में एवं अन्य आरोपियों के धरपकड़ में किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हों। क्षेत्र में लगातार सघन नक्सल गश्त सर्च कर घटना में संलिप्त माओवादी एवं संदिग्ध लोगों की पता-तलाश एवं पूछताछ की जा रही हैं।

# छत्तीसगढ़ में बारिश के बाद अब आफत बनेगी गर्मी

**लगातार बढ़ेगा तापमान**

**रायपुर,06 मई 2023 (ए)।** छत्तीसगढ़ में एक बार फिर गर्म हवा के थपेड़ों के लिए लोगों को तैयार होना पड़ेगा, क्योंकि यहां सक्रिय सिस्टम अब हट चुका है. समुद्र की ओर से जो नमीयुक्त हवा आ रही थी, उसके बदले अब उत्तर पश्चिम की ओर से शुष्क हवा आएगी. इससे मौसम शुष्क रहेगा. साथ ही, तापमान में वृद्धि होगी. हालांकि एकाएक तापमान में वृद्धि नहीं होगी, बल्कि दो-चार दिन में सामान्य स्थिति में आएगा. मौसम विभाग की रिपोर्ट के मुताबिक पिछले चार दिनों से लगातार तापमान में वृद्धि हो रही है. छत्तीसगढ़ में रायगढ़ जिले में लगातार चौथे दिन सर्वाधिक 40.1 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड किया गया है।

प्रदेश के ऊपरी हिस्से में चक्रीय चक्रवाती घेरे और द्रोणिका के कारण पिछले कुछ दिनों से आंधी-बारिश की स्थिति बनी हुई थी. इससे तापमान काफी नीचे गिर गया था. हालांकि जिस सिस्टम से बारिश हो रही थी, उसके हटने के बाद एक बार फिर तापमान में वृद्धि का दौर शुरू हो चुका है. राजधानी रायपुर में पिछले चार दिनों में लगातार तापमान में वृद्धि दर्ज की गई है. 3 मई को जहां तापमान 30.1 डिग्री सेल्सियस था, वहीं 4 मई को 35.1 डिग्री सेल्सियस, 5 मई को 36.4 डिग्री सेल्सियस और 6 मई को 37 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है. आज का तापमान सामान्य से 5 डिग्री सेल्सियस कम है। छत्तीसगढ़ के अलग-अलग शहरों में अब तक के अधिकतम तापमान की बात करें तो रायपुर में 30 मई 1988 को सर्वाधिक 47.9 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया था. 2022 में एक मई को 44.6 डिग्री सेल्सियस तापमान था।बिलासपुर में 23 मई 2017 को 49.3 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान था. वहीं 2022 में एक मई को 45.4 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया था।




इसी तरह दुर्ग में 31 मई 1988 को सर्वाधिक 47.3 डिग्री सेल्सियस तापमान था. 2022 में एक मई को 44.6 डिग्री सेल्सियस तापमान था. राजनांदगांव में 22 मई 1989 को 46.7 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया था।

इस लिहाज से यह माना जा रहा है कि कुछ दिनों में तापमान सामान्य स्थिति पर पहुंचने के बाद महीने के अंत तक 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है. महीने के अंत तक एक बार फिर हवाओं की दिशा बदलने की उम्मीद है, क्योंकि मई के अंत और जून की शुरुआत में शाम को अंधड़-बारिश की शुरुआत होती है।

मौसम वैज्ञानिक एचपी चंद्रा के मुताबिक 7 मई से उत्तर पश्चिम से शुष्क हवा आने की संभावना है. इसके कारण प्रदेश में कल मौसम मुख्यतः शुष्क रहने की संभावना है. बस्तर संभाग में एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है. शेष संभागों में मौसम सामान्य रहने की संभावना है. राजधानी में हल्के बादल छाए रहेंगे. अधिकतम तापमान में 2 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि संभावित है।

रायपुर में 37 डिग्री,माना में 36.4,बिलासपुर में 34.7,पेंड्रा रोड में 34.2,अंबिकापुर में 35.9,जगदलपुर में 34.3,दुर्ग में 37.4 और राजनांदगांव में 36 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया है.



# सुरक्षाबलों और नक्सलियों में मुठभेड़,एक नक्सली ढेर

**सुकमा ,06 मई 2023 (ए)।** छत्तीसगढ़ के जंगली इलाकों में नक्सलियों का आतंक लगातार जारी है। आए दिन नक्सली जवानों व ग्रामीणों को नुकसान पहुंचाने की कोशिश में रहते है। इसी बीच खबर आ रही है कि छत्तीसगढ़ और तेलंगाना सीमा पर जवानों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हो गई है। जिसमे जवानों को बड़ी सफलता मिली है। मुठभेड़ में एक नक्सली मारे जाने की खबर है और 1 एसएलआर बरामद होने की भी खबर है। जानकारी के अनुसार, मामला तेलंगाना के कोत्तागुड़म जिले का है। जहां नक्सली और जवानों के बीच मुठभेड़ हुई है। फिलहाल चेरला इलाके में अभी भी मुठभेड़ जारी है।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)